


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K&K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-43 सीहोर, सोमवार 31 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## मणिपुर समेत तीन राज्यों में एफ्सपा की अवधि बढ़ी,गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(ए)। केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एफ्सपा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी।गृह मंत्रालय के अनुसार, मणिपुर में जारी हिंसा के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। नए आदेश के तहत मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से आगामी छह महीनों तक एफ्सपा प्रभावी रहेगा।



**नगालैंड में भी रहेगा प्रभावी**

नगालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित कर यहां एफ्सपा लागू किया गया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों में भी यह कानून 1 अप्रैल 2025 से छह महीने तक प्रभावी रहेगा।

अरुणाचल प्रदेश में भी बढ़ा एफ्सपा

अरुणाचल प्रदेश में तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ तीन पुलिस थानों के क्षेत्रों में भी एफ्सपा की अवधि बढ़ा दी गई है।

यहां बताते चलें कि एफ्सपा को सुरक्षा बलों को विशेष अधिकार दिए जाने से संबंधित कानून माना जाता है, जो हिंसा प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लागू किया जाता है। मणिपुर समेत अन्य दो राज्यों में बढ़ती हिंसा की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है।

### चेन्नई एयरपोर्ट में स्पाइसजेट विमान की आपात लैंडिंग से मची अफरातफरी

**-जांच में विमान के पहिए में निकली खराबी**

चेन्नई,(ए)। तमिलनाडु के चेन्नई एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हड़कंप मच गया जबकि स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी9046 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जयपुर से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद पायलट को विमान में तकनीकी खराबी का एहसास हुआ, जिसके बाद पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। सुबह 5:46 बजे विमान सुरक्षित रूप से रनवे-25 पर उतरा। शुरुआती जांच में पता चला कि प्लेन के पहिए नंबर 2 में खराबी थी। तमिलनाडु के चेन्नई एयरपोर्ट पर रविवार सुबह स्पाइसजेट विमान की आपात लैंडिंग के लिए चेन्नई हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित किया गया।

## उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से की जा रही है शराबबंदी

**पथ सही होने पर शपथ होती है सफलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव**




भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रम संवत चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर पावन पुनीत अवंतिका में देश भर से शपथ अनुष्ठान पर्व में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत है। उज्जैन में भगवान श्री महावीर स्वामी ने तपस्या की है। तपस्या का पथ सही होने पर शपथ सफल होती है। मानव जीवन संक्षिप्त समय का है, इसलिए जितना भी समय है, उसे हम परमार्थ के कार्य और सभी जीवों की सेवा में लगाना चाहिए। परमार्थ के कार्य कर मानव महापुरुष हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के कार्य सांस्कृतिक समन्वय से कर रही है। इसी क्रम में उज्जयिनी और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उज्जैन का नाम संपूर्ण देश-प्रदेश में गौरवान्वित करने पर नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, देवेंद्र काशल, अश्विन कोशलीवाल, सचिन कासलीवाल सहित जैन समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर बढ़ाई गई उज्जैन विक्रम व्यापार मेले की अवधि

**गैर परिवहन मोटरयान कर में छूट की सीमा अब 9 अप्रैल तक**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विक्रम व्यापार मेले की अवधि आगामी 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। इसी अनुक्रम में के परिवहन सचिव मनीष सिंह ने आदेश जारी किए है। मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 14 जनवरी, 2025 के माध्यम से ऐसे सभी गैर-परिवहन यानों (मोटर साइकिल, मोटर कार, निजी उपयोग के लिये ओमनी बस) तथा हल्के परिवहन यानों के वर्ष 2024-25 में उज्जैन विक्रम व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय पर उनके देय जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट मेला अवधि 30 मार्च 2025 तक प्रदान की गई थी।

### सावधान! देशभर में 103 दवाओं के सैंपल फेल, हिमाचल में बनी 38 दवाएं; अलर्ट किया गया जारी

सोलन (ए)। देशभर में बनी 103 दवाओं के सैंपल फेल साबित हुए है। जिसमें से 38 दवाईयां हिमाचल में बनी है। जिसको लेकर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) व स्टेट ड्रग अथॉरिटी ने ड्रग अलर्ट जारी किया। इन दवाईयों में से सर्दी, खांसी, जुकाम, एलर्जी व दर्द निवारण सहित विटामिन व हृदय रोग के लिए प्रयोग होने वाली दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं। खराब पाई 38 दवाओं का उत्पादन हिमाचल के उद्योगों में हुआ है। वहीं, उत्तराखंड में 11, गुजरात और पंजाब की नौ-नौ दवाएं गुणवत्ता की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, असम, व तमिलनाडु के उद्योगों में बनी दवाओं के सैंपल भी फेल हुए हैं। वहीं, सीडीएससीओ के अलर्ट में 47 दवाओं के सैंपल फेल हुए, इसमें 21 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। स्टेट ड्रग अथॉरिटी के अलर्ट में देशभर की 56 दवाओं की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। इसमें हिमाचल में बनी 17 दवाएं शामिल हैं।

## जस्टिस वर्मा से जुड़े मामले की रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक : सिब्बल

**-इस तरह की कार्रवाइयों से संस्थान की प्रतिष्ठा को हो सकता है नुकसान**

नई दिल्ली,(ए)। राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद जले हुए कैश के मामले में आंतरिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सिब्बल ने इसे खतरनाक करार दिया और कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी एस संधवाला और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था, जो जस्टिस यशवंत वर्मा



के मामले की जांच करेगी। इसके अलावा, दिल्ली हाईकोर्ट की आंतरिक जांच रिपोर्ट को भी सार्वजनिक किया जिसमें वीडियो और तस्वीरें भी शामिल हैं, जिन्हें दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश के साथ शेयर की थी। सिब्बल ने कहा कि यह उनके विवेक पर निर्भर करता है। यह सही था या गलत, यह समय ही बताएगा। दस्तावेज का स्रोत खुद कोर्ट है और फिर लोग इसे सही मानने लगते हैं।



भोपाल के रेतघाट चौराहे पर नवरात्रि में दुर्गा जी की प्रतिमा की स्थापना।

## चांद का हुआ दीदार, भारत समेत इन देशों में आज मनाई जाएगी ईद

नई दिल्ली(ए)। रमजान के पाक महीने के आखिरी दिन चांद का दीदार हो चुका है, जिससे यह साफ हो गया कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई दूसरे देशों में ईद-उल-फितर कल मनाई जाएगी। लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और बाजारों में रौनक लौट आई। लखनऊ और असम समेत कई शहरों में ईद का चांद का दीदार हुआ है। चांद देखने के बाद शिया समुदाय के लोगों ने ऐलान किया है कि कल यानी 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी।भारत और पाकिस्तान में रमज़ान के 29वें रोजे के बाद चांद दिखने की आधिकारिक तस्दीक की गई। चांद नजर आते ही लोगों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया और ईद की नमाज की तैयारियों में जुट गए। मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज के इंतजाम किए जा रहे हैं। बाजारों में खरीदारी के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। सऊदी



अरब, कतर, यूएई, तुर्की और अन्य खाड़ी देशों में 29 मार्च को चांद का दीदार हुआ था, जिसके बाद आज यानी 30 मार्च को ईद की नमाज अदा की गई है। इन देशों में ईद की छुट्टियां पहले से तय थीं, और लोग ईद परिवार और दोस्तों के साथ ईद मनाया है।चांद दिखते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग नए कपड़े, मिठाइयां, सेवइयां और ईदी के गिफ्ट खरीदने के लिए बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचे। बच्चों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि उन्हें ईदी (गिफ्ट और पैसे) मिलने का इंतजार रहता है। ईद के दिन सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहेंगे और अल्लाह से दुनिया में अमन-शांति की दुआ करेंगे। ईद-उल-फितर का त्योहार सिर्फ खाने-पीने और नए कपड़े पहनने तक सीमित नहीं है। यह हमें गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख भी देता है। इसी वजह से ईद की नमाज से पहले सदका-ए-फितर (दान) देना जरूरी होता है, जिससे गरीब लोग भी ईद मना सकें।




दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से हमारे पाठकों को ईद की मुबारकबाद

**सम्पादक**

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय में ईद के अवसर पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा ।

**प्रबंधक**

### 'मराठी नहीं सीखा तो कान के नीचे मारुंगा', भाषा को लेकर फिर हुआ कलेश

मुंबई (ए)। महाराष्ट्र में भाषा को लेकर एक और विवाद सामने आया है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोगों को एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ भाषा को लेकर बहस करते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद, एक युवक आता है और गार्ड को धमकी देता है।वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक गार्ड को 15 दिनों के भीतर मराठी भाषा सीखने का अल्टीमेटम दे रहा है। साथ ही, उसे यह भी कहते हुए सुना जा सकता है कि मराठी नहीं सीखी तो कान के नीचे मारूंगा इस धमकी भरे बयान के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है और इस घटना की निंदा की जा रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह घटना कहां की है और सिक्योरिटी गार्ड किस स्थान पर कार्यरत है।



### 52 टन राहत सामग्री के साथ नौसैना के जहाज व वायुसेना के विमान म्यांमार रवाना

नई दिल्ली (ए)। म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद, भारत सरकार ने वहां सहायता पहुंचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। 30 मार्च को भारत की ओर से नौसैनिक जहाजों के जरिए करीब 52 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी जा रही है। इस राहत सामग्री में पीड़ितों के लिए वस्त्र, पीने का साफ पानी, खानपान की वस्तुएं, दवाइयां आदि शामिल हैं।पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने के इस अभियान में भारतीय नौसेना, वायु सेना और इंडियन आर्मी अपना योगदान दे रही है। वायुसेना के मुताबिक, म्यांमार के लोगों के साथ भारतीय वायुसेना ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत और बचाव मिशन में निरंतर कार्यरत है। रविवार को इस विषय में जानकारी देते हुए वायुसेना ने बताया कि अविलंब वायुसेना ने अपने विमान सेवा में लगाए हैं। अब तक वायुसेना के विमानों से कुल 96.3 टन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा चुकी है।

## पोस्टल घोटाले में CBI कोर्ट का बड़ा फैसला, पूर्व उप डाकपाल को 5 साल की सजा सुनाई, 37 लाख का जुर्माना भी ठोका



विशाखापत्तनम (ए)। सीबीआई की विशेष अदालत ने आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के पूर्व उप डाकपाल बोत्सा पेडा रामा राव को मनरेगा मजदूरी में फर्जीवाड़ा करने और सरकारी धन के गबन के मामले में 5 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 37.12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला विशाखापत्तनम की विशेष सीबीआई कोर्ट ने सुनाया।सीबीआई ने इस मामले की शुरुआत 23 मई 2016 को की थी, जब बोत्सा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोप था कि उप डाकपाल ने 11 जुलाई 2010 से 12 अक्टूबर 2015 तक उत्तरावल्ली और डोनकिनावालासा के उप डाकघरों में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी की।बोत्सा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी वितरण में हेराफेरी की। उसने 2013, 2014 और 2015 में पलेरू, गोलाडी, मल्लमपेटा, बदंगी, अकुलाकट्टा, कुनायावलसा, नंदीगाम और रेजेरू जैसे डाकघरों में फर्जीवाड़ा किया। जांच में पता चला कि जहां वास्तविक मजदूरी वितरण सिर्फ 4,10,307 रुपये का था, वहां बोत्सा ने 41,10,307 रुपये की राशि निकाली।इस तरह उन्होंने 37 लाख रुपये का गबन किया। इससे डाक विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार और भारत सरकार को नुकसान हुआ, जबकि खुद को फायदा पहुंचाया।सीबीआई ने जांच के बाद 1 नवंबर 2016 और 18 जनवरी 2017 को बोत्सा के खिलाफ तीन आरोप पत्र दायर किए। जांच में उनके खिलाफ ठोस सबूत मिले, जिसके आधार पर अदालत में मामला चला। लंबी सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश ने बोत्सा को दोषी करार दिया।कोर्ट ने 5 साल की सजा के साथ ही 37.12 लाख रुपये के जुर्माना चुकाने को कहा। यह राशि उस गबन से जुड़ी है, जो उसने मनरेगा फंड से की थी।

### आसाराम से 'हमारे परिवार को खतरा, दहशत में दुष्कर्म पीड़िता का परिवार; पिता ने कही ये बात

शाहजहांपुर (ए)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास सजा काट रहे कथावाचक आसाराम बापू को स्वास्थ्य के आधार पर न्यायालय द्वारा तीन माह की अंतरिम जमानत मिलने पर जबरदस्त निराशा और हताशा जताते हुए पीड़िता के पिता ने कहा है कि आसाराम ड्रामेबाज है। दूसरों का इलाज करने वाला आज खुद इलाज के नाम पर जेल से बाहर आया है। बाहर आकर अब वह सबको मैनेज कर रहा है।आसाराम को जमानत मिलने के बाद शाहजहांपुर में पीड़िता के पिता काफी मायूस है। उन्होंने रविवार को कहा कि उन्हें खुद आश्चर्य हो रहा है कि न्यायालय लगातार आसाराम की पहले 7 दिन फिर 12 दिन उसके बाद ढाई माह और अब तीन माह की अंतरिम जमानत दे रहा है। उन्होंने कहा कि आसाराम बापू जेल में बंद था तब हमारी जीत थी। बीमारी का बहाना बनाकर वह जेल से बाहर आ गया तब से वह सब कुछ मैनेज कर रहा है। उन्होंने अपने अधिवक्ता को भी सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा हमारे अधिवक्ता ने भी लगातार कहने के बाद भी न्यायालय में आपत्ति दाखिल नहीं की जिसके फल स्वरुप उसे फिर न्यायालय ने तीन माह की जमानत दे दी गयी।

## नक्सली संगठन को बड़ा झटका! एक साथ 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 14 पर घोषित था 68 लाख का इनाम

बीजापुर(ए)। बीजापुर और सुकमा में दो बड़ी मुठभेड़ों के बाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्तीसगढ़ यात्रा से कुछ घंटे पहले बीजापुर जिले में 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियों ने बीजापुर एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर किया। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों में से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था।इन नक्सलियों ने अपने आत्मसमर्पण का कारण माओवादी विचारधारा को खोखला और अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों और प्रतिबंधित माओवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों का शोषण भी किया जा रहा था, जिसके कारण वे आत्मसमर्पण के रास्ते पर चलने को मजबूर हुए। नक्सलियों ने यह भी बताया कि वे



अब इस अमानवीय विचारधारा से मुक्ति चाहते हैं और शांति से जीने की चाहत रखते हैं। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों ने अपने हथियारों और अन्य सामान राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिए। इस आत्मसमर्पण से सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है क्योंकि इसमें 14 नक्सली ऐसे थे, जिन पर बड़ा इनाम घोषित था और ये लंबे समय से सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी चुनौती बने हुए थे।बता दें कि शनिवार को सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के सुकमा और बीजापुर जिलों में दो मुठभेड़ों में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को मार गिराया। यह मुठभेड़ 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के मिशन में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। इन हालिया सफलताओं के साथ इस साल अब तक राज्य में विभिन्न मुठभेड़ों में कुल 134 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 118 बस्तर संभाग में मारे गए। पुलिस के अनुसार, 2024 में बस्तर क्षेत्र के सात जिलों में कुल 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था।





# वीर महापुरूषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री मेघवाल ने वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन किया

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले वीर भारत संग्रहालय का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण हेतु शुभकामनाँ दी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक उज्जैन-उत्तर अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, महापौर नगर पालिक निगम मुकेश टटवाल निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम श्रीमती कलावती यादव और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्लाशामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित चंदन व्यास एवं उनके दल के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथितियों का स्वागत किया गया। श्रीराम तिवारी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतवर्ष के गौरवशाली और पराक्रमी अतीत से परिचय तथा प्रेरणा हमारे समय की अपरिहार्य आवश्यकता है। यह एक राष्ट्रव्यापी, महत्वाकांक्षी स्वप्न है, जिसे चरितार्थ करने के लिए वीर भारत संग्रहालय में भारत की तेजस्विता और पराक्रम के विभिन्न आयामों को व्यापक रूप से प्रस्तुत किये जाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। तेजस्विता और शौर्य हमारे जीवन, परंपरा, चित्त-वृत्ति, चिंतन-प्रकृति, दर्शन, जीवन मूल्य, आस्था और विश्वासों का स्वर है। हमारा प्रयास है कि वीर भारत संग्रहालय में राष्ट्र की सभी मंगलकारी दृष्टियों का प्रतिबिंबन हो। भारत वर्ष का प्रागैतिहास-पुरापाषाण काल, पूर्व वैदिक, वैदिक/उपनिषद, सरस्वती सिंधु घाटी सभ्यता, उत्तर वैदिक, श्रीराम के पूर्वज, श्रीकृष्ण के पूर्वज, रामायण काल, महाभारत काल, प्राचीन भारत की जनजातियों, महाजनपद काल, गौतम बुद्ध, महावीर, आदि शंकराचार्य, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट विक्रमादित्य काल, सातवाहन, गुप्त साम्राज्य, चोल, पल्लव, भोजदेव, मध्ययुग, भक्ति काल, भारत के शूरवीर, पराधीनता के विरूद्ध सिंहनाद करते हुए भारत की सुदीर्घ परंपरा



में तेजस्वी नायकों, चिंतकों, दार्शनिकों, मंत्रद्रष्टा, ऋषियों, संतों, मनीषियों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों के अनुपम योगदान को रेखांकित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वीरभारत संग्रहालय युगयुगीन भारत के महानायकों की महागाथा का अनूठा केंद्र बनने जा रहा है। प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है कि यह उज्जैन में स्थापित होने जा रहा है। सनातन परंपरा से ही, सृष्टि के आरंभ से ही बाबा महाकाल और उनकी प्रिय उज्जयिनी विराजित है। भारत वर्ष प्रागैतिहासिक-पुरापुरापाषाण काल से ही मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास की कर्मभूमि रहा है। वीर भारत संग्रहालय में चाहे वैदिक काल हो, उपनिषद काल हो, रामायण महाभारत काल हो, हमारे ऋषि वैज्ञानिक हों, हमारे राष्ट्र के महानायक हों या फिर वे राजा महाराजा रहे हों, वैज्ञानिक रहे हों, साहित्यकार, इतिहासकार, खगोलविद हों, योद्धा हों, संन्यासी हों, उद्यमी रहे हो, ऐसे सभी प्रेरक चरित्रों को यादगार बनाने की कोशिश की जायेगी जिन्होंने भारत को तेजस्वी भारत बनाने का काम किया हो। मैंने निर्देश दिए हैं कि इस संग्रहालय जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे अकेला होगा, इसे समय सीमा में पूरा किया जाए, सिंहस्थ के पहले पूरा किया जाये।

### युवा पीढ़ी को विक्रमोत्सव मनाए जाने की जानकारी पहुँचानी होगी : स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह

भोपाल (ए.)। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के देव नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की प्रस्तुति प्रवीण नामदेव के निर्देशन में दी गई। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने नव संवत्सर, विक्रम संवत-2082 और चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज सही मायने में गौरव व उत्सव का दिन है। आज का युग परिवर्तन का युग है। हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है। आज इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता कर रहे हैं मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारत के विश्व गुरू बनने की संकल्पना साकार होने वाली है। आदि शंकराचार्य से लेकर हमारे धर्मगुरू इसे स्थापित करने में जुटे हैं। आज पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।

## विक्रमोत्सव- 2025 झाबुआ में सूर्य उपासना कार्यक्रम में मंत्री सुश्री भूरिया शामिल हुई



भोपाल (ए.)। भारत का नववर्ष विक्रम संवत्, गुड़ी पड़वा 30 मार्च 2025 को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में राजवाड़ा चौक झाबुआ पर पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया है। संस्कृति विभाग निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर राजवाड़ा चौक में मंत्री महिला एवं बाल विकास सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में और कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में सूर्य उपासना कार्यक्रम में सत्यनारायण मंदिर में पूजन कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना की गई। साथ ही ब्रम्हध्वज को स्थापित किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया गया और भारत का नववर्ष विक्रम संवत् पुस्तिका का विमोचन कर वितरण के साथ उसके प्रमुख अंशो का वाचन किया गया। नाट्य प्रस्तुति के कलाकारों का सम्मान किया गया।

## सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (ए.)। नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रूपये, 54,671 रूपये एवं 1,15,655 रूपये का देयक बनता है। इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रूपये प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रूपये, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रूपये एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रूपये का ही भुगतान करना होगा।

**37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा है सब्सिडी का लाभ**

श्री तोमर ने बताया कि सरकार द्वारालिये गये निर्णय के अनुसार कृषिउपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि(रू. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्तानुसार सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि28,480 रूपये, 5 हॉर्स पावर पम्प के लिये कुल राशि50,921 रूपये और 10 हॉर्स पॉवर पम्प के लिये कुल राशि1,08,155 रूपये का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस घोषणा से कृषिउपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशिही जमा करनी होगी। शेष 93 प्रतिशत राशिसरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषिउपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा अटल गृह ज्योति योजना का लाभ**

राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषिश्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रूपये का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपये का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ता जिनको सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है, उनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ 7 लाख है।

# राजधानी में बदमाश बेखौफ,शाम सात बजे अल्पना तिराहा के पास यात्री से लूट

## पुलिस चौकी के नजदीक बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

भोपाल(संदीप पंडा)। पुराने शहर के अल्पना तिराहा पर पुलिस चौकी के नजदीक ही ऑटो से आये बैखौफ बदमाशो ने एक यात्री को डंडा मारकर उसे घायल किया और उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गये। बताया गया है की हरे रंग के ऑटो से आए तीन बदमाशों ने पहले तो घायल युवक को रोककर उसे धमकाते हुए नकदी और मोबाइल देने उनके हवाले करने को कहा। जब उसने इसका विरोध किया तो तब बदमाशो ने उसके सिर पर डंडा मारा और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शाम करीब साढ़े सात बजे हुई इस वारदात के समय चौकी पर पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। बाद में लोगो की भीड़ जमा होने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल 100 को मौके पर बुलाकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार विदिशा के रहने वाले फरियादी बसंत प्रताप सिंह राजपूत विदिशा में खेती-




किसानी करते हैं। करोंद क्षेत्र में उनका करीबी दोस्त रहता है। भोपाल शहर घूमने के लिये वह शनिवार सुबह भोपाल आए और अपने दोस्त के साथ दिनभर घूमने के बाद रात के समय घर जाने के लिये ट्रैन पकडने भोपाल स्टेशन जा रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे जैसै ही वह अल्पना तिराहा पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी हरे रंग के ऑटो में सवार तीन युवक आए। ऑटो रोककर उसमें दो बदमाश उतरे और बसंत के नजदीक आकर उससे मोबाइल और पर्स देने की मांग की। फरियादी ने जब उनका विरोध किया तब एक बदमाश ने धमकी देते हुए ऑटो से डंडा निकाला और जोर से उसके सिर पर मार दिया। सिर में चोट आने से उनके सिर से खून निकल आया। इसके बाद बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल निकाला और भाग गये। पुलिस फरियादी द्वारा बताये गये हुलिये और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के आधार पर बदमाशो की तलाश कर रही है।

## विक्रम नववर्ष पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पचमठा धाम में पूजा-अर्चना की

भोपाल (ए.)। विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विक्रम नववर्ष पर पचमठा धाम में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शिव मंदिर में पूजन-अर्चन कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल सूर्य उपासना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म व अध्यात्म हमारी सबसे बड़ी ताकत है। माँ भगवती की आराधना के नौ दिन हमें सही दिशा में काम करने की ताकत देते हैं। माँ की कृपा सभी पर रहे और हम सब जन कल्याण के लिए तत्पर रहें। उन्होंने राम दरबार को माँ बीहर के तट पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राम दरबार के सदस्य नई चेतना के उदय का कार्य कर रहे हैं।



भोपाल के चौक बाजार में ईद की खरीदारी करती हुई बाजारों में महिलाएं।

## मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार सुरक्षित स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में हुए शामिल


भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता से निरंतर प्रगति हो रही है। मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी लाभ मिलता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा होटल विजन महल में 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है और डॉक्टरों के लिए बेहतर प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक, मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है और 2047 तक अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़कर भारत शीर्ष पर पहुँचेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने सेमिनार में आए निष्कर्षों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री और विधायक अजय बिश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है।

### समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अत- रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें। कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने केन्द्र पर उपस्थित रहकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## रेलवे सुरक्षा बल की साहसिक सतर्कता से बची 14 वर्षीय बालिका की जान - अशोकनगर स्टेशन पर बड़ा हादसा टला!

भोपाल/अशोकनगर, (निप्र)। एक पल की चूक से जहां ज़िंदगी फिसल सकती थी, वहीं एक सतर्क आरक्षक की तेजी से उठाया गया कदम बना एक मासूम की ज़िंदगी का रक्षक! भोपाल मंडल के अशोकनगर रेलवे स्टेशन एक घटना में 14 वर्षीय बालिका एक चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई। बालिका अपने परिजनों के साथ बीना से बरेली जा रही थी और स्टेशन पर नाश्ता लेने के लिए उतरी थी। जैसे ही ट्रेन दोबारा चलने लगी, वह ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में असंतुलित होकर फिसल गई और प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच खतरनाक स्थिति में फंस गई। लेकिन मौके पर ड्यूटी कर रहे रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के आरक्षक गोविंद सिंह चौहान ने अपने अद्वितीय साहस और सतर्कता से समय रहते बालिका को खींचकर उसकी जान बचा ली। उनकी इस फुर्ती और सूझबूझ



से एक बड़ा हादसा टल गया। यात्रियों और बालिका के परिजनों ने आरक्षक के इस कार्य की दिल खोलकर सराहना की। आरक्षक गोविंद सिंह चौहान घटना के समय प्लेटफॉर्म पर तैनात थे और निरंतर यात्री गतिविधियों पर निगरानी बनाए हुए थे। उन्होंने ट्रेन की गति, बालिका की स्थिति और संभावित खतरे को मात्र सेकंडों में भांपकर तत्काल प्रतिक्रिया दी। यह दर्शाता है कि किस तरह RPF के जवान न सिर्फ फिजिकली बल्कि मेंटली भी हर समय मुस्तैद रहते हैं। इस अद्भुत साहसिक कार्य के लिए पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश ने आरक्षक गोविंद सिंह चौहान को 10,000 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल का यह कार्य न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आरक्षक गोविंद सिंह चौहान की तत्परता और साहस पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है। रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें!

## विविध-समाचार

### सांसद ने विक्रमोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने रविवार को भोपाल के शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय बूट कैंप

सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने रविवार को श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आई.एम. बीजेपी फ्यूचर फेस के दो दिवसीय बूट कैंप के दूसरे दिन सत्र को संबोधित किया।

### महापौर ने पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का किया भूमिपूजन

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 48 के ई-7 अरेरा कालोनी स्थित पार्क में लगभग 6.50 लाख रूपये की लागत से पार्क का पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद अरविंद वर्मा, अभिषेक पुरोहित, शक्ति दुबे व बड़ी संख्या में रहवासीगण उपस्थित थे।महापौर मालती राय ने शनिवार को जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत ई-7/811 के सामने स्थित पार्क में पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य लगभग 6.50 लाख रूपये की लागत से कराया जायेगा। पाथवे एवं बाउंड्रीवाल बनने से पार्क आवारा पशुओं आदि से पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा वहीं पाथवे निर्माण होने से नागरिकगण अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रातःकालीन भ्रमण हेतु इसका उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर राय का आभार व्यक्त किया।

### निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अल्पसंख्यक परिवारों को राशन किट वितरित की। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने पवित्र रमजान माह एवं ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एम. एजाज खान, शमीम खान, हनीफभाई, मुन्ना बाबा सहित अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अल्पसंख्यक परिवारों को राशन किट वितरित की। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने इस अवसर पर पवित्र रमजान माह एवं ईद पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### महापौर चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में हुई सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई और भगवान झूलेलाल की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गिरीश शर्मा, वार्ड 57 के पार्षद सुरेन्द्र बाडिका, सु-संस्कृति सामाजिक संस्था एवं शोभा यात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे। महापौर मालती राय शनिवार को चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर सी सेक्टर इंद्रपुरी में सु-संस्कृति सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई और शोभा यात्रा का स्वागत किया। महापौर राय ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारकर पूजा अर्चना की और चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दी।

### लुटेरो नें बहन-बेटी के साथ प्रेयर कर लौट रही एक्टिवा सवार महिला के गले से चैन झपटी

भोपाल(ए)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में बैखौफ बाइक पर सवार दो लुटेरो ने एक महिला को अपना निशाना बनाकर उसके गले में पहनी सोने की चेन झपटकर भाग गए। पुलिस आरोपियो की पहचान जुटाकर उनकी धरपकड़ के प्रयास कर रही है। बताया गया है की घटना 27 मार्च रात करीब साढ़े आठ बजे की है। वारदात के समय पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ गिरजाघर से प्रेयर सभा में शामिल होने के बाद वापस लौट रही थी। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के रोहित नगर के नजदीक बंसल विहार कॉलोनी में रहने वाली शिरीन लुईस पिता स्वर्गीय जन लुईस (40) गुरुवार शाम को अपनी छोटी बहन डर्थी लुईस और बेटी के साथ दो पहिया एक्टिवा वाहन से सलैया में स्थित बीडीए कॉलोनी में गिरजाघर में प्रार्थना सभा में शामिल होने गई थी। देर शाम तीनो गिरजाघर से वापस लौट रही थी। करीब साढे सात बजे जैसै ही तीनों एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार आये दो बदमाशो में से पीछे बैठे युवक ने शिरीन लुईस के गले में पहनी हुई सोने की चेन पर झपट्टा मारकर उसे अपने कब्जे में कर लिया, सोने की चेन में सोने का एक पेंडेंट भी था। महिला ने पुलिस को बताया की बाइक चला रहा लड़का हेलमेट पहने था। महिला पहले घटना की शिकायत दर्ज कराने मिसरोद थाने पहुंची थी। वहां उन्हें बताया गया कि लूट का घटनास्थल शाहपुरा थाना इलाके में आता है। जिसके चलते वह अगले दिन सुबह के समय थाने शाहपुरा थाने पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच शुरु कर दी है।

# बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे राज्यपाल पटेल, इस अभिनेता ने कहा-ऐसे अद्भुत दर्शन कभी नहीं किए







उज्जैन (ए.)। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल रविवार उज्जैन प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन एवं पूजन-अर्चन करने पहुंचे। वहां उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन करने के साथ ही नंदी हॉल में बैठकर उनका आशीर्वाद भी लिया। बाबा महाकाल के दर्शन के दौरान वे पूर्ण रूप से भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने माथा टेककर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी प्रकट की।

इस दौरान पूजन पुजारी आकाश शर्मा द्वारा संपन्न करवाया गया, जबकि श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने राज्यपाल पटेल का स्वागत कर उन्हें स्मृतिचिह्न भेंट किया।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल के साथ आज अभिनेता बिंदु दारा सिंह भी बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। वे सुबह भस्म आरती में शामिल हुए और बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन का लाभ लिया। उन्होंने लगभग दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए।

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद वे अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर पहुंचे। भस्म आरती के दर्शन के उपरांत उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बाबा महाकाल की उन पर असीम कृपा है। यही कारण है कि छह महीनों में यह तीसरी बार है जब वे बाबा महाकाल के दर्शन करने आए हैं। हालांकि, यह पहला अवसर था जब उन्हें भस्म आरती में बाबा महाकाल के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि ऐसे अद्भुत दर्शन उन्होंने पहले कभी नहीं किए। उन्होंने कहा कि यदि बाबा महाकाल उन्हें बार-बार अपनी सेवा का अवसर प्रदान करेंगे, तो वे निश्चय ही पुनः उनके दर्शन करने आएंगे। साथ ही, उन्होंने बाबा महाकाल से यह प्रार्थना की कि वे संपूर्ण विश्व में शांति और समृद्धि बनाए रखें।

# मां चंडी के दरबार में हर मुराद हो रही पूरी, नेर के श्रीसिद्धपीठ मन्दिर में सजे 771 कलश

छिंदवाड़ा (ए.)। चैत्र नवरात्र पर्व पर मां के मन्दिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज नवरात्रि के पहले दिन पूरे जिले में माता रानी के मंदिर में पूजन का कार्यक्रम हुआ। छिंदवाड़ा मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नेर में सिद्ध पीठ मां चंडी देवी का दरबार में भक्तों का मेला लगा हुआ है। इस भव्य दरबार में हर भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है इस बार महाराष्ट्र भोपाल सहित आसपास के प्रांतों से भी श्रद्धालु भक्तों ने यहां 771 मनोकामना कलश स्थापित किए गए हैं। महा अष्टमी पर्व पर चंडी देवी की विशेष आरती सहस्त्र ज्योति से की जाएगी। इस महाआरती में हर साल हजारों श्रद्धालु एकत्रित होकर माता रानी से सुख समृद्धि की कामना करते हैं इस बार भी यहां काशी व्यवस्था की गई है।

**हर भक्त की मनोकामना होती है पूरी**



मां चंडी देवी के दरबार में हर भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस छोटे से गांव में महाराष्ट्र गुजरात और आसपास के अन्य प्रांतों के लोग भी मनोकामना पूर्ण होने के बाद मां के इस अनुपम दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हैं तथा हर साल मनोकामना कलश स्थापित करते हैं। विधायक से लेकर सांसद तक हर किसी के मनोकामना कलश इस मंदिर में स्थापित है।

**महामारी से भी अछूता रहा गांव**

समिति के सदस्य अरविंद चौधरी ने बताया कि मां चंडी के प्रभाव से गांव में कभी महामारी के कारण जनहानि नहीं हुई है, गांव में कभी ओलावृष्टि से क्षति नहीं होती है। यहां कभी भी अकाल नहीं पड़ा है ऐसा बुजुर्ग बताते हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि कोरोना जैसी महामारी में सिर्फ गांव में आंशिक रूप से ही कोरोना का असर देखा गया।

## बागेश्वर में आरती के दौरान हुआ हादसा

छतरपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम आरती के दौरान बड़ा हादसा हो गया है. जहां बिहार के भागलपुर से आई महिला दीपक जला रहीं थी, तभी भीड़ के बीच आने से अचानक उनके साड़ी में आग लग गई. किसी तरह आस पास लोगो की मदद से आग बुझाई गई. इसके बाद उन्हें एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया जंहा उनका इलाज चल रहा है,



घटना सुबह 10 बजे की आरती की बताई जा रही है.दरअसल, छतरपुर जिले के गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम में शनिवार सुबह आरती के दौरान बड़ा हादसा हो गया है. इस दौरान बिहार के भागलपुर से आई 40 वर्षीय महिला संगीता साहू की साड़ी में आरती के दौरान आग लग गई. जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई. संगीता साहू बिहार के भागलपूर से अपने फैमिली के पांच सदस्यों के साथ आई थी. तभी भीड़ की दौरान उसके साड़ी में आग लग गई. कपड़े और पानी की मदद से लोगों ने आग पर काबू पाया. महिला की हालत गंभीर होने के चलते उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया. जहां बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है.

# 56 दुकान पर कचरा कर रहीं 38 दुकानें, निगम ने डेढ़ लाख के चालान बनाए



इंदौर (ए.)। 56 दुकान को स्वच्छता का तमगा दिया गया था, लेकिन समय के साथ यह स्थान अव्यवस्थाओं से भर गया। अब यहां गंदगी और कचरा साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। इसके अलावा, कुछ दुकानदार बिना लाइसेंस के भी दुकान चला रहे थे।

इस स्थिति को सुधारने के लिए मोबाइल कोर्ट ने 56 दुकान और उसके आसपास के बाजारों में कार्रवाई की। इस दौरान, दुकानों के बाहर के कब्जे हटाए गए और गंदगी व कचरे के लिए 38 दुकानदारों के चालान बनाए गए। कुल मिलाकर डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि वसूली गई।

**मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई**

मोबाइल कोर्ट की कार्रवाइयां कुछ दिनों से पुनः शुरू की गई हैं और विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश गुप्ता के निर्देश पर मोबाइल कोर्ट और निगम की टीम ने 56 दुकान और आसपास के बाजारों में कार्रवाई की।

# सराफा में युवती से छेड़छाड़, बचाने आई बहन और दोस्त को भी मनचले ने पीटा

इंदौर (ए.)। इंदौर के सराफा क्षेत्र में छुट्टी वाले दिन काफी भीड़ रहती है। इसका फायदा मनचले भी उठाने लगे है। वे युवतियों से बेड टच और छेड़छानी करते है। शनिवार को भी एक मनचले ने छेड़खानी की तो युवती ने विरोध किया। इससे नाराज युवक और उसके साथी ने युवती, उसकी बहन को पीटना शुरू कर दिया। युवती का दोस्त बीच-बचाव के लिए आया तो उसे भी पीटा। पुलिस अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया और आरोपियों की खोजबीन शुरू की दी है।



छेड़खानी की घटना सराफा में देर रात को हुई। यहां साधु वासवानी नगर निवासी युवती अपनी बहन और दोस्तों के साथ आई थी। एक दुकान पर युवक ने उसे गलत तरीके से छुने की कोशिश की। युवती ने विरोध किया तो युवक अश्लील कमेंट लगा।

युवती ने भी कुछ बोला तो युवक ने गालियां देने शुरू कर दी। इस बीच आरोपी का साथी भी आ गया। युवक ने युवती के बाल खींच लिए। युवती की बहन और उसका दोस्त बचाने के लिए आया तो आरोपी और उसके दोस्त ने भीड़ भरे सराफा में मारपीट शुरू की दी।

दुकानदारों ने बीच-बचाव कर दोनो को अलग किया। इसके बाद आरोपी अपने साथी के साथ भाग गया। मारपीट में युवती के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। युवती की शिकायत पर सराफा थाने ने छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज किया है, हालांकि आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। सराफा में पहले भी छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी है।

## सदर स्थित काशी तालाब की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

बैतूल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है।

इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर के मार्गदर्शन में बैतूल जिले के नगरीय निकाय अन्तर्गत सदर स्थित काशी तालाब में जल स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर किया गया।

# अशोकनगर में सिंधिया का जुदा अंदाज, जब पीड़ितों से पत्रकार की तरह पूछे सवाल, देखें वीडियो

अशोकनगर (ए.)। केंद्रीय मंत्री और गुना संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने अनूठे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। कुछ ऐसा ही नज़ारा मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में भी देखने को मिला, जहां अपने दौरे के दौरान वे आमजन से सीधे संवाद करते नजर आए। उन्होंने पत्रकार की तरह पीड़ितों से सवाल पूछे और उनकी समस्याओं का तुरंत निराकरण भी कराया।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दो दिवसीय दौरे पर अशोकनगर पहुंचे हैं। इस दौरान कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उन्होंने सैकड़ों आवेदकों की समस्याएं सुनीं। न केवल उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया, बल्कि पत्रकार की भांति आवेदकों से सवाल भी पूछे और उनके अनुभव साझा कराए।




अपने दौरे के दौरान सिंधिया विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सिंधिया राजमाता विजयराजे सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण, जिला अस्पताल के निरीक्षण, कलेक्ट्रेट प्रांगण में जन समस्या निवारण शिविर, बीपीओ कॉल सेंटर के उद्घाटन में भी शरीक हुए।

**पीड़ितों से सीधे संवाद**

शिविर के दौरान सिंधिया ने माइक से खुद पीड़ितों से सवाल करने शुरू किए। एक व्यक्ति से पूछा -"कितने चक्कर लगाए थे?" पीड़ित ने जवाब दिया - "तहसील में लगभग सौ चक्कर लगा चुका था, साहब!" सिंधिया बोले - "अब तो खुश हो न? जनसुनवाई सार्थक साबित हुई न?" इसी तरह उन्होंने एक अन्य युवक से नाम पूछा और फिर कहा - "क्यों आए थे मेरे पास?" युवक ने जवाब दिया - "आर्थिक सहायता के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। आपकी जनसुनवाई में मेरा काम हो गया!" इस तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मौके पर ही समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया और आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को समझा।

# बोहरा समाज की मनी ईद, सैय्यदना साहब और देश के लिए की दुआएं, मजलिस के बाद शिर खुरमे की घुली मिठास

खरगोन (ए.)। देश और दुनिया भर में बसे बोहरा समाजजनों ने शनिवार को खत्म हुए रमजान माह में एक माह तक रोजा, नमाज, इबादत और खुदा की बंदगी की। इसके बाद देर रात सऊदी अरब में नजर आए ईद के चांद के साथ ही रविवार सुबह से ईद की नमाजों का आहते एहतेमाम किया गया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में भी बोहरा समाज के अनुयायियों ने रविवार सुबह हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का पर्व मनाया। ईद के इस पर्व को लेकर समाज के युवाओं, बच्चों सहित हर वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिला।



ये भी पढ़ें- धूमधाम से मनाया जा रहा निमाड़ का गणगौर पर्व, महिलाओं ने फुलपाती खेलकर माता को दिए झालरिए

इस दौरान खरगोन में बोहरा समाज जनों संग गुजरात सूरत से ईद मनाने पहुंचे शेख यूसुफ भाई बढवानी वाला ने नगर के बोहरा बाखल स्थित सैफी मस्जिद में ईद का खुत्बा (नमाज) पढ़ाया। जहां ईद की नमाज के बाद खुशी मजलिस हुई। इस दौरान जमात के द्वारा वहां मौजूद समाज जनों को शिर खुरमा खिलाया गया।

## व्यापार समाचार

# ऑडी ने लोकप्रिय ए5 सेडान और एस्टेट को किया अपडेट

नई दिल्ली (ए.)। लग्जरी कारों का निर्माण करने वाली कंपनी ऑडी ने अपनी लोकप्रिय ए5 सेडान और एस्टेट को नए प्लग-इन हाइब्रिड पावरट्रेन (पीएचईवी) के साथ अपडेट किया है। नई ऑडी ए5 ई-हाइब्रिड अब पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर के संयोजन से जबरदस्त परफॉर्मेंस और ईंधन दक्षता प्रदान करती है।

नई ए5 में 2.0-लीटर, चार-सिलेंडर टर्बो-पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 252एचपी की पावर जनरेट करता है। इसे गियरबॉक्स के अंदर रखी गई इलेक्ट्रिक मोटर से जोड़ा गया है, जो 142एचपी की अतिरिक्त पावर प्रदान करती है। इस हाइब्रिड सिस्टम का संयुक्त आउटपुट दो वेरिएंट्स में उपलब्ध है एक 300एचपी और 450 एनएम टॉर्क के साथ, और दूसरा 367एचपी और 500एनएम टॉर्क के साथ। दोनों ही वेरिएंट्स में 7-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स और ऑडी का क्वाट्रो ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम दिया गया है। ए5 ई-हाइब्रिड में 25.9 केडब्ल्यूएच की बैटरी लगी है, जो 110 किलोमीटर तक की इलेक्ट्रिक रेंज प्रदान करती है। यह 11 केडब्ल्यू की एसी चार्जिंग को सपोर्ट करता है, जिससे बैटरी को केवल 2.5 घंटे में 0 से 100 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। इसमें ईवी और हाइब्रिड दो ड्राइव मोड मिलते हैं। नई ऑडी ए 5 का इंटीरियर भी बेहद प्रीमियम है।



इसमें 11.9 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 14.5 इंच का इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन मिलता है। इसके अलावा, पैनोरमिक सनरूफ, एम्बिएंट लाइटिंग और तीन-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसी सुविधाएं दी गई हैं। भारत में इसकी कीमत रुपए 45.5 लाख से शुरू होती है, जबकि अवंत एस्टेट वेरिएंट की कीमत सैलून मॉडल से करीब रुपए 2.2 लाख ज्यादा है।ऑडी ने इस कार में रीजनरेटिव ब्रेकिंग टेक्नोलॉजी को भी बेहतर बनाया है, जिसे स्टीयरिंग व्हील पर पैडल शिफ्टर्स के जरिए एडजस्ट किया जा सकता है।


## यूपीआई के नए नियम 1 अप्रैल से होंगे लागू, इनएक्टिव मोबाइल नंबर वाले यूजर्स को आ सकती है परेशानी

नई दिल्ली(ए.)। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे।इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

# आयकर विभाग ने यस बैंक को भेजा 2,209 करोड़ का नोटिस

## टैक्स विभाग ने अप्रैल 2023 में 2019-20 का असेसमेंट ईयर दोबारा खोला था

मुंबई (ए.)। यस बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी दी की उसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 2,209 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस मिला है। यह नोटिस असेसमेंट ईयर 2019-20 के लिए जारी किया गया है। बैंक ने जानकारी दी कि इनकम टैक्स विभाग ने अप्रैल 2023 में 2019-20 का असेसमेंट ईयर दोबारा खोला था। यह जानकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को रेगुलेटरी फाइलिंग में दी। इनकम टैक्स विभाग की नेशनल फेसलेस असेसमेंट यूनिट ने 28 मार्च को फिर से असेसमेंट ऑर्डर पास किया। इसमें न तो कोई अतिरिक्त राशि जोड़ी गई और न ही कोई नई आपत्ति लगाई गई। यानी जिस आधार पर दोबारा जांच शुरू की गई थी, उसे खुद विभाग ने हटा दिया है। इसका मतलब यह है कि पहले जो ऑर्डर सेक्शन 144 के तहत पास किया गया था, उसमें जितनी इनकम मानी गई थी, वही इनकम अब भी मानी गई है। ऐसे में बैंक पर कोई अतिरिक्त टैक्स डिमांड बनती ही नहीं है। बैंक ने भरोसा जताया है कि उसके पास इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए मजबूत आधार हैं और उसे इस आदेश से अपने वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर किसी बड़े नकारात्मक असर की उम्मीद नहीं है। बैंक ने यह भी कहा कि वह इस दोबारा मूल्यांकन आदेश के खिलाफ कानून के तहत अपील और सुधार की प्रक्रिया शुरू करेगा। इस जानकारी के सामने आने के बाद यस बैंक के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।



# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए।

गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है।

इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रेत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है।

सरकार प्राय: जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुत: सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं। इन परिस्थितियों में नक्सलवादियों के लिए शायद यही श्रेष्ठ विकल्प है कि वे अपनी रणनीति बदलें और हथियार छोड़कर देश भर में व्याप्त शोषण और अन्याय के विरुद्ध वैचारिक विमर्श की रणनीति अपनाएं। इससे हो सकता है कि मौजूदा राजनीति को शोषण को समझने और उससे निपटने के लिए एक अधिक प्रभावी दृष्टि उपलब्ध हो।



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने पटना के खगौल में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पूजा की.

# भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा परिसीमन

**अरविंद कुमार सिंह**

दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से 2026 के परिसीमन को लेकर आरंभ हुआ विरोध अब देशव्यापी रूप लेने लगा है। संसद भवन परिसर में 20 मार्च को डीएमके सांसदों ने परिसीमन मुद्दे पर विरोध प्रदशर्न किया और उनको अन्य कई विपक्षी दलों का साथ मिला है।

दक्षिणी राज्यों की ओर से मांग उठ रही है कि परिसीमन 2026 की जगह 2031 में कराया जाना चाहिए।

फिलहाल जो तस्वीर दिख रही है, उससे लगता है कि परिसीमन को लेकर उठ रहा सवाल भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा और इसमें दक्षिण ही नहीं, कई अन्य प्रांतों की ओर से भी सवाल उठेंगे जिन्होंने जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया है। पर परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों में चिंताएं बाकी प्रांतों से अलग हैं। उनको लगता है कि अगर केवल जनसंख्या को आधार बना पर परिसीमन होगा तो उनकी राजनीतिक शक्तियां सीमित होंगी। उत्तर भारत के वे प्रांत और प्रभावी होंगे जो जनसंख्या में अव्वल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82, 170, 330 और 332 के तहत लोक सभा, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को प्रशासित किया जाता है। संविधान में व्यवस्था है कि हर 10 वर्ष पर जनगणना और उससे हासिल आंकड़ों के आधार पर एक दशक में परिसीमन होगा। 1951 से लेकर 1971 के दशक में ऐसा होता रहा। 2001 में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुन: निर्धारण हुआ पर लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की कुल संख्या अपरिवर्तित रही, क्योंकि तब भी दक्षिणी राज्यों का मुखर विरोध सामने आया था। अटलजी के प्रधानमंत्रीकाल में 2001 में तय किया गया कि 2026 तक सीटें नहीं बढ़ेंगी।

इस तरह देखें तो मौजूदा सीटें 1971 के आधार पर निर्धारित हैं, जब देश की आबादी केवल 54 करोड़ थी, लेकिन उसमें भी राज्य स्तर पर बहुत सी भिन्नताएं पाई गई हैं। उत्तर प्रदेश को तब भी अधिक प्रतिनिधित्व मिला था जबकि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और केरल से लेकर हरियाणा तक को निम्न प्रतिनिधित्व मिला था। उस दौरान बाद में जब परिसीमन 25 सालों के लिए रोक दिया गया तो परिकल्पना थी कि 2026 तक उत्तर भारतीय राज्य आबादी पर प्रभावी नियंत्रण कर लेंगे। लेकिन हुआ उलटा। दक्षिणी राज्यों ने आबादी पर प्रभावी नियंत्रण किया और यहां तक कि कुछ की जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक तक हो गई। पर उत्तरी राज्यों में आबादी में बेलगाम वृद्धि हुई। अब तक 2021 की जनगणना भी नहीं हो सकी है, लिहाजा परिसीमन के लिए 2011 का आधार भी बने तो भी दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा। अभी जो मोटे आंकड़े सामने आ रहे हैं उनके हिसाब से परिसीमन होने पर मौजूदा लोक सभा की 543 सीटों में 200 और इजाफा होगा। कुल 750 सीटें में उत्तर के हिस्से में कुल 400 सीटें हो जाएंगी, जबकि मौजूदा दक्षिण भारत की 129 सीटों में महज 10 से 12 की वृद्धि हो सकेगी। लोक सभा की सीटें अगर 888 होंगी तो सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को ही मिलेगा, जो पहले से ही देश का भाग्यविधाता राज्य बना हुआ है।

अगर पैमाना 2026 की आबादी का आंकड़ा हो तो उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़ कर 143 हो जाएंगी जबकि बिहार की 79, महाराष्ट्र की 76, कर्नाटक की 41, तमिलनाडु में 49। आलम यह होगा कि केरल की एक भी सीट नहीं बढ़ेगी। इसलिए तमिलनाडु राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन ने मुख्यमंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं की 22 मार्च को बैठक बुलाई है जिसमें कई दलों के नेताओं का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने पहले भी प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का विरोध करने हुए राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रमुख दलों के नेताओं से समर्थन मांगा है। इसके पहले इसी माह चेन्नई में सर्वदलीय बैठक में बहुत से सवालों पर मंथन हुआ। 2026 तक देश की आबादी 142 करोड़ होगी। उस हिसाब से विभिन्न राज्यों में सीटों की कैसी वृद्धि होती है, यह भविष्य का सवाल है। पर सबसे अधिक फायदा उत्तर प्रदेश को होगा। फिर भी मोदी सरकार ने नये संसद भवन में सांसदों को बैठने के लिए लोक सभा चैंबर में 888 और राज्य सभा में 384 सीटों को भविष्य के हिसाब तैयार करा दिया है। पुराने भवन में लोक सभा चैंबर में 545 और राज्य सभा में 245 सीटें थीं। संविधान के तहत तहत 17 अप्रैल, 1952 को जब पहली लोक सभा का विधिवत गठन हुआ था तब सांसदों की संख्या 499 थी। सातवें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत तब सांसदों की अधिकतम संख्या उस दौरान पांच सौ तय हुई थी जो 31वें संविधान संशोधन 1973 में बढ़ा कर 525 हुई। फिर गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन के बाद 530 हुई। फिलहाल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 543 लोक सभा सांसद हैं। राज्य सभा सांसदों की संख्या 1952 में 204 तय हुई थी जो 1966 में बढ़ कर 228 और 1987 में 233 होते हुए फिलहाल 245 है। इसमें 12 सासंद राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत हैं।अब सवाल कई हैं। जैसे सरकार किस साल की जनगणना को आधार बना कर सीटों का परिसीमन कराएगी। परिसीमन आयोग इसके लिए बनाना होगा जो तय मानकों के हिसाब से सीटों की संख्या का राज्यवार निर्धारण करेगा, जिसकी संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से संसद के दोनों सदनो में दो तिहाई के बहुमत के साथ मंजूरी दिलानी होगी। 2023 में भावी परिसीमन को लेकर लोक सभा में कुछ सवाल उठे थे जिसका सरकार ने गोल मोल जवाब दिया था। संख्या या आयोग के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई थी। मई, 2023 में एम के स्टालिन ने 20 दलों को एक साथ जुटा कर जातिगत जनगणना के पक्ष में काफी माहौल बनाया था। 2024 के लोक सभा चुनाव में सामाजिक न्याय का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस बार परिसीमन का मुद्दा अहम बनने जा रहा है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फरवरी में ही कह चुके हैं कि दक्षिणी राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा, पर सरकार अभी तक किसी ठोस प्रस्ताव तक नहीं पहुंची है। इस कारण बहुत से मुद्दे अभी उठेंगे और राजनीति गरमाएगी।

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं ?

**तनवीर जाफ़री**

भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। ख़बरों के मुताबिक़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनज़र ईद पर सौगात-ए-मोदी पर चर्चा होना लाज़िमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है। पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नज़रों में क्या यह तुष्टिकरण नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फ़ायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे सन्तुष्टीकरण का नाम दे दे दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नज़र आया। फिर अब आख़िर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी ज़रुरत क्यों महसूस हुई? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफ़ा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की ख़ातिर मुफ़्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या मुफ़्त की रेवड़ी नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हक़दार नहीं ? प्रधानमंत्री को फ़रवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित प्रवचन को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि- धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक़ का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।अगर रमज़ान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में क़ब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है ? आज यह सवाल ज़रूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं ? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफ़ा क्यों नहीं ? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं ? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है ? दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीक़ा अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात लाभार्थी श्रेणी के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोज़गार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फ़ायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोज़गार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है।परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज़ पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज़ पढ़ने पर रोक लगने की ख़बर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गज़ेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आख़िर ईद की गज़ेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया ? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की ख़बरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफ़रत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की ख़बरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोज़र चलाये जा रहे हैं।




मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भली-भांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज काफी हद तक आराम मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन व्यापार में निवेश के लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी दोस्त की आर्थिक रूप से मदद करने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स से किसी प्रैक्टिकल को पूरा करने में मदद लेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोडा सचेत रहने की जरूरत हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए, इससे आपको उनकी मदद मिलती रहेगी। नवविवाहित दंपति के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आप जरुरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बिजनेस में किसी तजुर्बेदार व्यक्ति की सलाह मिल सकती है। आज जीवनसाथी से आपको उपहार मिलेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा।कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। राजनीति में आपका मान सम्मान होगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरुरत है। लवमेट के बीच हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी। आज आप बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करें। किसी दोस्त की सहायता से कॉलेज का रुका काम पूरा कर लेंगे। आज ऑफिस में आपका काम चेंज हो सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज थोडा धैर्य बनाये रखने से आपके रुके कार्यों की पूर्ति होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा। ज्ञान का स्तर उच्च होगा। स्वजनों के मध्य मेलजोल व प्यार बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांसेस हैं। आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। आज आपके कार्यक्षेत्र में किये गए सभी प्रयास सफल रहेंगे। आज आपके भाई आपसे मदद मांग सकते हैं, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे आपके बीच मधुरता बढ़ेंगी। आज आपके आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छी खबर मिलेगी। विद्यार्थी आज पढ़ाई में रुचि लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी खास मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज नई सोच से व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन स्पेशल रहेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्र आज कंप्यूटर सीखने का मन बनाएंगे। आज आप किसी जरुरी टॉपिक को क्लियर करेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिनों के लिए टालना पड़ सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थी आज टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करें तो अवश्य सफलता मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों की सलाह उन्नति के द्वार खोलेगी। नए व्यापार शुरू करने से पहले अपने बड़ों की सलाह जरुर ले लें। ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ कार्य आज पूरा कर लेंगे। वाहन खरीदने का विचार आज अपने परिवार के साथ करेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक धन लाभ होने की संभावना है। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए नई योजना बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी चाहिए।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार बनाएंगे। आज जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में आपको अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। बच्चों का मन पढ़ाई से हट सकता है।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहने का प्रयास करें। आपके दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी। साइबर कैफ़े चला रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होने के योग बने हुए हैं। आज आपके पिता, आपको किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे कहेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

# सहकारिता की एक नई उड़ानः सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता विश्वविद्यालय के साथ विकास का एक नया युग

**डॉ. उदय शंकर अवस्थी**

सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन:

भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए व्यापार करने में आसानी, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व

माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम। प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना।

राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है।

सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)।

भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण ।

प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)।

जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम।

बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि।

सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना।जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है।

सहकारिता क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां

सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है।

सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा।

कृषि में इफको का क्रांतिकारी योगदान

इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है । उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं।खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है।



## संक्षिप्त समाचार

# पीएम बनने के बाद मोदी ने पहली बार किया संघ मुख्यालय का दौरा, संस्थापक हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि

नागपुर(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 9 बजे नागपुर पहुंचे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का संघ मुख्यालय का यह पहला दौरा है और इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि उनके नागपुर आगमन से पूरे विदर्भ में उत्साह का माहौल है। 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है। बता दें कि पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने 'टेक्सटाइल वेस्ट' को बताया 'बड़ी चुनौती', बोले, 'इससे निपटने में कुछ स्टार्टअप कर रहे अच्छा काम'

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। उन्होंने कपड़ों की बात की। बताया कि कैसे टेक्सटाइल वेस्ट भारत के लिए चुनौती खड़ा कर रहा है और इससे निपटने के लिए क्या किया जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा, 'मन की बात' में हम देशवासियों की उपलब्धियों के साथ ही अक्सर सामाजिक विषयों को भी उठाते हैं । कई बार चुनौतियों पर भी चर्चा होती है। इस बार 'मन की बात' में, मैं एक ऐसी चुनौती के बारे में बात करना चाहता हूं, जो सीधे हम सब से जुड़ी हुई है। ये चुनौती है 'टेक्सटाइल वेस्ट' की। पीएम मोदी ने कहा कि आप सोच रहे होंगे, ये टेक्सटाइल वेस्ट क्या नई बला आ खड़ी हुई है। दरअसल, टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। आजकल दुनिया भर में पुराने कपड़ों को जल्द-से-जल्द हटाकर नए कपड़े लेने का चलन बढ़ रहा है। क्या आपने सोचा है कि जो पुराने कपड़े आप पहनना छोड़ देते हैं, उनका क्या होता है? यही टेक्सटाइल वेस्ट बन जाता है। इस विषय में बहुत सारी ग्लोबल रिसर्च हो रही है। एक रिसर्च में यह सामने आया है, सिर्फ एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है—एक प्रतिशत से भी कम! भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट निकलता है। यानी चुनौती हमारे सामने भी बहुत बड़ी है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। कई भारतीय स्टार्टअप ने टेक्सटाइल वेस्ट रिकवरी फैसिलिटी पर काम शुरू किया है। कई ऐसी टीमें हैं, जो कचरा बीनने वाले हमारे भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए भी काम कर रही हैं।

# देवरिया से प्रयागराज तक चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़े लोग

देवरिया/प्रयागराज(आरएनएस)। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन और हिंदू नववर्ष की शुरुआत के साथ देशभर के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवरिया के देवरही मंदिर और राजराजेश्वरी मां केला देवी मंदिर से लेकर प्रयागराज के मां कल्याणी देवी मंदिर तक, सुबह से ही श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।देवरिया में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने के लिए देवरही मंदिर का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मंदिर में मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य झांकियां सजाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालु मां के दर्शन कर उनकी महिमा को समझ सकें। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी को मां के अलौकिक स्वरूप का ज्ञान हो। नवरात्रि के दौरान हर शाम 5 से 7 बजे तक दुर्गा सप्तशती पाठ होगा, जिसके बाद भव्य आरती होगी। 3 अप्रैल को जागरण और अष्टमी पर आतिशबाजी का आयोजन भी होगा। जिलाधिकारी ने स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बिजली और सीसीटीवी कैमरों के साथ पुलिस तैनाती के निर्देश दिए। मंदिर मार्ग, यातायात और पार्किंग की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने को कहा। देवरिया के ऐतिहासिक राजराजेश्वरी मां केला देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुट गई। मंगला दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया है। नौ दिनों तक विशेष हवन और आरती का आयोजन होगा। भक्त मां से सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, मां के दर्शन से मन को शांति मिलती है। देवरिया के प्राचीन शक्तिपीठों जैसे मां कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, हिंगलाज, आहोरवा भवानी और बड़ी दुर्गा काली मंदिर में भी सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। लोग हवन और पूजन में हिस्सा ले रहे हैं। प्रशासन ने मंदिरों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई है। सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। प्रयागराज के शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर में भी सुबह से भक्त मां शैलपुत्री के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में पूजा, जागरण और भजन-कीर्तन का माहौल है।




केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के बोरीवली में गुड़ी पड़वा मनाया.

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनने से राम राज्य की शुरुआत हुई : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 27 वर्ष बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने से रामराज्य की शुरुआत हुई है। रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में एक यात्रा में शामिल होते हुए लोगों को नव हिंदू वर्ष और नवरात्रि की शुरुआत की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार का गठन दिल्ली में रामराज्य की शुरुआत है। रेखा गुप्ता ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली सूर्य की तरह चमके और लोगों का जीवन खुशियों व समृद्धि से भर जाए। इस वर्ष फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा 1998 के बाद पहली बार दिल्ली की सत्ता में लौटी है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 पर जीत हासिल की थी जबकि आम आदमी पार्टी (आप) 22 सीट पर जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

# दिल्ली में महिलाओं को निशाना बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में ऑटो-रिक्शा में यात्रा करने वाली महिलाओं को निशाना बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अपराध में प्रयुक्त ऑटो-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक 21 मार्च को एक महिला ने बताया कि जब वह ऑटो-रिक्शा में यात्रा कर रही थी, तब उसके गहने लूट लिए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, कई लोगों से पूछताछ की और आरोपियों का पता लगाया। पुलिस ने बताया कि 28 मार्च को मुख्य संदिग्ध के आवास पर छापा मारा गया और ऑटो-रिक्शा के चालक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसके साथियों दानिश और वसीम को क्रमशः लोनी और खजूरी खास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह महिलाओं को अपने वाहन में बिठाकर उन्हें निशाना बनाता था और यात्रा के दौरान उनका कीमती सामान चुरा लेता था।

# पुणे में चाय की दुकान में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

पुणे (ए)। पुणे के धनकवाड़ी इलाके में रविवार को चाय की एक दुकान में आग लगने से वहां काम करने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चाय की दुकान पर व्यक्ति का पहला ही दिन था। अधिकारियों ने बताया कि घटना शाम करीब सवा चार बजे हुई और ऐसा संदेह है कि एलपीजी सिलेंडर से रिसाव के कारण आग लगी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुकान में आग लगने के समय एक नया कर्मचारी दूध गर्म कर रहा था। एक अधिकारी ने बताया, आज (रविवार को) ही काम पर आया कर्मचारी अंदर फंस गया और बुरी तरह झुलस गया। दमकल कर्मियों ने उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

# मुख्तार गैंग का शूटर अनुज कनौजिया एनकाउंटर में ढेर, यूपी से लेकर झारखंड तक था आतंक; पुलिस ने रखा था 2.5 लाख का इनाम



जमशेदपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने मुख्तार अंसारी गैंग के ढाई लाख के एक इनामी शूटर अनुज कनौजिया को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। शूटर अनुज कनौजिया को झारखंड के जमशेदपुर में एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मार गिराया गया है। अनुज कनौजिया पर 2.5 लाख रुपये का इनाम था और यूपी पुलिस को कई संगीन मामलों में उसकी तलाश थी। जानकारी के अनुसार, यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस को अनुज कनौजिया के जमशेदपुर में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने अनुज कनौजिया को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने शूटर को मार गिराया। हालांकि, मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) डीके शाही घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, वह मुख्तार अंसारी गैंग के लिए शूटर्स की भर्ती और हत्याओं की साजिश रचने का काम करता था। पुलिस ने एनकाउंटर स्थल से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने कहा, एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने सूचना के आधार पर अनुज कनौजिया को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। क्रॉस फायरिंग में अनुज कनौजिया मारा गया। पांच साल से अधिक समय से फरार चल रहा अनुज कनौजिया हत्या, रंगदारी, जमीन हड़पने और हथियारों की तस्करी समेत 23 आपराधिक मामलों में वांछित था। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने हाल ही में अनुज कनौजिया को में मददगार कोई भी सूचना देने पर इनाम की राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी थी। उत्तर प्रदेश एसटीएफ एडीजी ने कहा, जमशेदपुर में अनुज कनौजिया की गतिविधि के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। जब पुलिस टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो अनुज कनौजिया ने लगभग 20 राउंड फायरिंग की और भागने की कोशिश में एक बम भी फेंका।इससे सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, जिसके बाद दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई।

# जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते : अमित शाह



गोपालगंज (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के गोपालगंज जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। गोपालगंज जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे, उन्होंने गायों का चारा भी खाया। भाजपा नेता ने लालू-राबड़ी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, यहां (बिहार) लालू-राबड़ी सरकार और केंद्र में सोनिया-मनमोहन सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। लालू प्रसाद ने सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया। उन्होंने कहा, लालू प्रसाद ने अपने दोनों बेटों को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की। अपनी पत्नी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर रहे हैं, अपनी बेटी को राज्यसभा भेजा, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं किया। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। शाह ने कहा कि अगले पांच सालों में बिहार को बाढ़ मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार में देवी सीता के जन्मस्थान (पुनौरा धाम) पर एक विशाल मंदिर का निर्माण भी कर रही है।

सीतामढ़ी शहर से लगभग पांच किलोमीटर पश्चिम में स्थित पुनौरा धाम में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 13 दिसंबर 2023 को पुनौरा धाम जानकी मंदिर के समग्र विकास के लिए आधारशिला रखी थी। राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही पुनौरा धाम के समग्र विकास के लिए 72.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। इससे पहले शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 के अवसर पर बिहार में केंद्र और राज्य सरकार की करोड़ों रुपये की नयी परियोजनाओं का उद्घाटन औरशिलान्यास किया। शाह ने यहां 532 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें सहकारिता विभाग की 111 करोड़ रुपये और नगर विकास एवं आवास विभाग की 421 करोड़ रुपये की योजनाएं शामिल हैं।

# आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, एयरलाइन चुनौती देगी



नई दिल्ली (ए)। आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुर्माना लगाने के आदेश को 'त्रुटिपूर्ण' बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। इंडिगो ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। एयरलाइन ने कहा कि यह आदेश इस दोषपूर्ण समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत आकलन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि अभी यह मामला लंबित है और इस पर निर्णय आना बाकी है। इंडिगो ने कहा कि इस आदेश का उसकी वित्तीय स्थिति, परिचालन और अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इंडिगो ने रविवार शाम को अलग से जारी एक बयान में कहा कि उसका दृढ़ विश्वास है कि आयकर प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और गलत है। एयरलाइन ने बयान में कहा, कंपनी इसका विरोध करेगी और आदेश के खिलाफ उचित कानूनी उपाय करेगी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंदिर हसौद के रास्ते अभनपुर-रायपुर खंड पर मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।

# ऑटोमोबाइल कंपनी के खाते से 3.63 लाख रुपए निकालने वाले दो ठग गिरफ्तार



गाजियाबाद (ए.)। गाजियाबाद की लिंक रोड थाना पुलिस और ट्रांस हिंडन जोन सर्विलांस टीम ने ऑटोमोबाइल कंपनी सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते से अवैध रूप से 3,63,473 रुपए निकालने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस, 2 पैन कार्ड और विभिन्न बैंक खातों से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।इस मामले की शिकायत आनंद वर्मा, निवासी मोहन पार्क, शाहदरा, दिल्ली, ने 26 मार्च को थाना लिंक रोड में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 9870413741 से फोन कर सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के एसबीआई खाते से धोखाधड़ी कर पैसे निकाल लिए। इस शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66डी और बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम की मदद से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 28 मार्च को दोबारा कंपनी के मालिक को फोन कर खाते से संबंधित जानकारी लेने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोबाइल नंबर को ट्रेस कर दोनों आरोपियों को सनसाइन बैरियर, दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ऑटोमोबाइल कंपनियों और एजेंसियों को निशाना बनाते थे। सबसे पहले वे गूगल से किसी ऑटोमोबाइल कंपनी की जानकारी निकालते और उसके मोबाइल नंबर जुटाते थे।




सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट मामलों के रा%य मंत्री हर्ष मल्होत्रा नई दिल्ली में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा आयोजित एक समारोह में छात्रवृत्ति वितरण के दौरान।

# पंजाब सरकार ने बिजली की दरें घटाई,600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा पूरा



अमृतसर(आरएनएस)। पंजाब सरकार के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शनिवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बिजली दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि नई टैरिफ दरें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी, जिसमें बिजली की दरों को कम किया गया है। इसके साथ ही एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं बढ़ाया गया है।

मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार लंबे समय से लोगों के हित में फैसले ले रही है ताकि बिजली उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। पिछले तीन वर्षों से राज्य के लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जो आम आदमी पार्टी सरकार का जनता से किया गया वादा था और इसे पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बिजली की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने गोइंदवाल में एक बड़ा थर्मल पावर प्लांट भी खरीदा है।हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि 2025-26 के लिए नई टैरिफ दरों में वाणिज्यिक कनेक्शनों की दरें कम की गई हैं और उद्योगपतियों को 10 रुपये प्रति किलोवाट की कटौती का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा, बिजली विभाग को 311.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जिसके चलते हमने टैरिफ दरों में कमी की है। उन्होंने पंजाब सरकार के हालिया बजट को लोकहितैषी और सराहनीय कदम करार देते हुए कहा कि पिछले तीन साल में सरकार ने बेहतरीन काम किया है और अगले दो साल में यह गति और तेज होगी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और बिजली दरों में कमी इसका एक बड़ा उदाहरण है। पंजाब सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में कटौती की घोषणा की है, जिसे भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा राज्य के लोगों के लिए एक तोहफे के रूप में पेश किया जा रहा है। इस घोषणा से पंजाब के घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

# वाणी कपूर की मंडाला मर्डर्स से जुड़ीं मिर्जापुर की अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर



अभिनेत्री वाणी कपूर काफी समय से वेब सीरीज मंडाला मर्डर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान गोपी पुथरन ने संभाली है। यह सीरीज इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए वाणी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। इस सीरीज में वाणी की जोड़ी अभिनेता वैभव राज गुप्ता के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब मंडाला मर्डर्स की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर शामिल हो गई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, मंडाला मर्डर्स में श्रिया बेहद महत्त्वपूर्ण किरदार निभाएंगी, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं।वह सीरीज के केवल एक एपिसोड में नजर आएंगी और उनका अनदेखा अवतार सामने आएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।मंगला मर्डर्स का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले हो रहा है। इसमें वाणी, श्रिया और वैभव के साथ सुरवीन चावला और जमील खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।मंडाला मर्डर्स जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस वेब सीरीज का टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसमें वाणी का धाकड़ अवतार दिखा।बता दें कि श्रिया अब तक ताजा खबर, द ब्रोकन न्यूज और 13 मसूरी जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं।आने वाले समय में श्रिया फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।

# 23 साल बाद भी दिलों में बसी है कभी खुशी कभी गम



मुंबई (ए.)। करण जौहर के निर्देशन में बनी कभी खुशी कभी गम फैमिली ड्रामा फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की, बल्कि इसके हर किरदार को भी दर्शकों से खूब प्यार मिला। कभी खुशी कभी गम भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है और इसे फैंस आज भी उतने ही प्यार से देखते हैं जितना 23 साल पहले देखते थे। फिल्म में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, काजोल, ऋतिक रोशन, करीना कपूर और जया बच्चन जैसे बड़े सितारे थे। हाल ही में इस फिल्म के कुछ अनदेखे सीन का वीडियो सामने आया है, जिसे फाइनल वर्जन में एडिट कर दिया गया था। इन दृश्यों में शाहरुख खान के किरदार राहुल और काजोल के किरदार अंजली की लंदन की जिंदगी को विस्तार से दिखाया गया था।

फिल्म में दिखाया गया था कि जब राहुल अपने पिता के खिलाफ जाकर अंजली से शादी करता है, तो उसे घर से निकाल दिया जाता है। इसके बाद वह लंदन जाकर अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करता है। हाल ही में सामने आए इस वीडियो में राहुल और अंजली की लंदन की जिंदगी को और विस्तार से दिखाया गया है, जिसमें उनके घर खरीदने, अंजली की प्रेग्नेंसी और उनके बीच के रोमांटिक पलों को फिल्माया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण जौहर ने फिल्म का रनटाइम ज्यादा लंबा होने की वजह से इन दृश्यों को एडिट कर दिया था। फिल्म पहले ही करीब साढ़े तीन घंटे लंबी थी और यदि इन दृश्यों को शामिल किया जाता, तो इसकी अवधि चार घंटे से ज्यादा हो जाती। हालांकि, अब फैंस को यह देखने का मौका मिल रहा है कि राहुल और अंजली की जिंदगी को फिल्म में और गहराई से दिखाया गया था।

करीब रुपए 45 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड रुपए 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म के गाने और इसकी इमोशनल कहानी आज भी लोगों की फेवरेट बनी हुई है। इस फिल्म के बाद अमिताभ बच्चन को कई बड़े प्रोजेक्ट्स मिले और उनका करियर एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बता दें कि बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में से एक, कभी खुशी कभी गम को रिलीज हुए 23 साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन आज भी यह फिल्म दर्शकों के दिलों में बसी हुई है।

# 'पगलैट' की कहानी दर्शाती है युवा विधवा संध्या की भावनात्मक यात्रा को



मुंबई (ए.)। बालीवुड फिल्म निर्माता उमेश बिष्ट द्वारा निर्देशित 'पगलैट' फिल्म ने न केवल शोक और दु:ख को लेकर समाज की पारंपरिक सोच को बदला, बल्कि अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में भी स्थापित किया।

'पगलैट' की कहानी एक युवा विधवा संध्या की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है, जो अपने पति की मृत्यु के बाद समाज द्वारा तय किए गए शोक के नियमों से खुद को अलग पाती है। सान्या ने इस किरदार में संवेदनशीलता और आत्म-खोज के बीच की जटिलता को बखूबी उकेरा। यह फिल्म हमारे समाज में प्रचलित उस धारणा को तोड़ती है कि महिलाएँ केवल भावनात्मक रूप से कमजोर होती हैं। इसके बजाय, यह महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता की एक नई परिभाषा गढ़ती है। 'पगलैट' की सफलता के बाद सान्या मल्होत्रा के करियर को नई ऊँचाइयाँ मिलीं।

उनकी हालिया फिल्म 'मिसेज' ने एक बार फिर साबित किया कि वह जटिल और गहन कहानियों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने में माहिर हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स, जैसे कि 'सनी संसकारी की तुलसी कुमारी' (धर्मा प्रोडक्शंस) और अनुराग कश्यप व बॉबी देओल के साथ उनका रोमांचक सहयोग, इस बात का संकेत देते हैं कि सान्या लगातार अपनी सीमाओं को आगे बढ़ा रही हैं और भारतीय सिनेमा में सबसे बेखौफ अभिनेत्रियों में से एक बनी हुई हैं। 'पगलैट' के चार साल बाद भी यह फिल्म सान्या के करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनी हुई है। यह न केवल उनकी बेहतरीन अदाकारी को दर्शाती है, बल्कि भारतीय सिनेमा में महिला-प्रधान फिल्मों की बढ़ती ताकत का भी प्रतीक है।

सान्या ने इस फिल्म के जरिए यह साबित कर दिया कि वह अपनी दमदार प्रस्तुति और सशक्त किरदारों के साथ लंबे समय तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली हैं। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने हमेशा ऐसी भूमिकाएँ निभाई हैं जो परंपरागत धारणाओं को चुनौती देती हैं और सार्थक चर्चाओं को जन्म देती हैं। उनकी समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्म 'पगलैट' अपनी चौथी वर्षगांठ मना रही है, और यह फिल्म इस बात का प्रमाण है कि सान्या अपने हर किरदार में गहराई और प्रामाणिकता लाने में कितनी सक्षम हैं।

# मैं भगवान की बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है : सारा अली खान



मुंबई (ए.)। बीते दिनों अभिनेता सैफ अली खान पर उनके आवास में अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया था। इस घटना के बाद उनकी बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि यह हादसा उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था और इससे जीवन के प्रति उनका नजरिया बदल गया है। एक कायर्क्रम में शामिल होने आई सारा ने अपने पिता की सुरक्षा के लिए ईश्वर का आभार जताया। उन्होंने कहा, यह और भी बुरा हो सकता था। मैं भगवान की बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है। हमें अपनी जिंदगी के लिए हमेशा शुक्रगुजार होना चाहिए। जब सारा से पूछा गया कि क्या इस घटना के बाद उनका परिवार और करीब आ गया है और उनके पिता से उनका रिश्ता और मजबूत हुआ है, तो उन्होंने कहा, इससे आपको एहसास होता है कि चीजें बस पल भर की हैं। इससे मुझे यह नहीं पता चला कि मैं अपने पिता से प्यार करती हूं, यह बात मैं पिछले 29 साल से जानती हूं। सारा ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मिली सीख को साझा करते हुए कहा, इसने मुझे एहसास दिलाया कि जीवन रातोंरात बदल सकता है, तो हर दिन का हर पल सेलिब्रेशन का हकदार है। मुझे समझ आया कि जीना कितनी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि इस हादसे ने उन्हें छोटी-छोटी खुशियों की सराहना करना सिखाया और अब वह हर पल को खुलकर जीने में यकीन रखती हैं।

## नुसरत भरुचा की छोरी 2 का पहला पोस्टर आया सामने, 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी

काफी समय से अभिनेत्री नुसरत भरूचा अपनी आगामी फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म छोरी का सीक्वल है, जो 26 नवंबर, 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब 4 साल बाद फिल्म का सीक्वल आ रहा है। बीते दिन निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी दिया था, वहीं अब छोरी 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है।आइए बताते हैं आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे।छोरी 2 के निर्देशन की कमान विशाल फुरिया ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जब आपने सोचा कि बुरा सपना खत्म हो गया है... एक नया खौफ इंतजार कर रहा है।फिल्म में नुसरत एक बार फिर साक्षी के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सोहा अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म 11 अप्रैल 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## सारा अली खान की मेट्रो... इन दिनों को मिली नई रिलीज तारीख, करना होगा लंबा इंतजार

पिछली बार सारा अली खान फिल्म स्काई फोर्स में वीर पहाड़िया के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में सारा की अदाकारी की खूब तारीफ हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था।अब सारा जल्द ही फिल्म मेट्रो... इन दिनों में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। आखिरकार अब निर्माताओं ने मेट्रो... इन दिनों की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी।

# ब्रेन फॉग के 5 प्रमुख संकेत, इन्हें न करें नजरअंदाज



ब्रेन फॉग एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सोचने, ध्यान केंद्रित करने और याद रखने में कठिनाई होती है। यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है और इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे तनाव, नींद की कमी या पोषण की कमी।

इस लेख में हम ब्रेन फॉग के पांच प्रमुख संकेतों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई

अगर आपको रोजमर्रा के कामों में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है। जब आप किसी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बार-बार भटक जाते हैं तो यह आपके मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

इसे सुधारने के लिए नियमित रूप से मेडिटेशन करें और अपने दिनचर्या में छोटे-छोटे ब्रेक लें ताकि आपका मन तरोताजा रहे।

### याददाश्त कमजोर होना

अगर आप छोटी-छोटी बातें भूलने लगे हैं या हाल की घटनाओं को याद रखने में मुश्किल हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

यह समस्या आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। याददाश्त को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त नींद लें और अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियां और फल शामिल करें।

ये उपाय आपकी याददाश्त को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

### मानसिक थकान महसूस होना

लगातार मानसिक थकान महसूस होना ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है।

अगर आप बिना किसी शारीरिक मेहनत के ही थका हुआ महसूस करते हैं तो यह आपके मस्तिष्क के ठीक से काम न करने का संकेत हो सकता है।

इसे दूर करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें, जैसे सुबह की सैर या हल्का योग, जो आपके दिमाग को तरोताजा कर सके।

इसके अलावा अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें ताकि आपको पर्याप्त आराम मिल सके।

### निर्णय लेने में कठिनाई

अगर आपको छोटे-मोटे निर्णय लेने में भी परेशानी होती है या आप अनिर्णय की स्थिति में रहते हैं तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

इससे बचने के लिए अपने विचारों को स्पष्ट करने की कोशिश करें। इसके लिए आप ध्यान और गहरी सांस लेने वाले अभ्यास कर सकते हैं।

जरूरी फैसले लेने से पहले खुद को समय दें ताकि आप सही निर्णय ले सकें। अपने विचारों को लिखकर भी उन्हें बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

### चिड़चिड़ापन बढ़ना

अगर छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है।

इसे कम करने के लिए योगा या गहरी सांस लेने वाले अभ्यास करें, जो आपके मन को शांत कर सकें और तनाव कम कर सकें।इन उपायों से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा और चिड़चिड़ापन कम होगा।

अगर ये समस्या बनी रहती है तो विशेषज्ञ से सलाह लें ताकि सही उपचार हो सके।

# चेहरे पर शेव करने जा रही हैं तो पहले जान लें ये टिप्स, नहीं होगी समस्या



महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल करने के लिए फेशियल से लेकर वैक्सिंग जैसे तमाम ट्रीटमेंट करवाती हैं। हालांकि, वे अक्सर अपने चेहरे को शेव करना भूल जाती हैं, जो कि एक जरूरी स्टेप होता है। केवल पुरुषों के ही नहीं, बल्कि महिलाओं के भी चेहरे पर बाल निकलते हैं। हालांकि, ये बाल बेहद छोटे होते हैं और नजर नहीं आते हैं।

आप अपने चेहरे को शेव करने के लिए ये 5 टिप्स अपनाना न भूलें।

### सबसे पहले चेहरे को करें साफ

चेहरे को शेव करने से पहले उसे अच्छी तरह साफ करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए एक सौम्य क्लींजर या फेस वाश का इस्तेमाल किया जा सकता है।क्लींजर को चेहरे पर धीरे-धीरे मलें और पानी से धो लें। ऐसा करने से त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी साफ हो जाएगी और संक्रमण, जलन या खुजली होने का खतरा भी नहीं रेहगा।

हालांकि, साबुन का उपयोग करने से बचना चाहिए, क्योंकि वे कठोर हो सकते हैं।

एक्सफोलिएट करने के बाद चेहरे को नम रहने दें

शेव करने से पहले आपको स्क्रब का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट भी कर लेना चाहिए।

ऐसा करने से रोमछिद्रों में भरी गंदगी भी साफ हो जाएगी, जिससे किसी प्रकार का संक्रमण नहीं होगा।

अब चेहरे पर थोड़ा गर्म पानी लगा लें या गीले कपड़े की मदद से उसे नम कर लें। त्वचा को नमी प्रदान करने से बालों के रोमों को नरम करने में मदद मिलती है, जिससे उन्हें हटाना और भी आसान हो जाता है।

### सही रेजर का चुनाव करें

शेविंग करने के लिए सही रेजर का इस्तेमाल करना जरूरी होता है, वर्ना चेहरे पर चोट लग सकती है। अगर रेजर का ब्लेड तीखा नहीं होगा या वह बहुत पुराना होगा तो उससे चेहरा छिल या कट सकता है।

इसके अलावा, उपयोग करने से पहले आपको अपने रेजर को सैनिटाइज भी कर लेना चाहिए। ऐसा करने से जलन, संक्रमण, मुंहासे या खुजली का खतरा कम हो जाता है।

रेजर को टेढ़ा करके इस्तेमाल करें, नहीं तो चोट लग सकती है।

### एलोवेरा या शेविंग जेल लगाएं

चेहरे के बालों को हटाने के लिए सीधे रेजर को चेहरे पर चलाने की गलती कभी न करें। इससे पहले अपने पूरे चेहरे पर एक अच्छी गुणवत्ता वाला शेविंग जेल या एलोवेरा जेल लगा लें।

जेल की परत बनाने से त्वचा नमी युक्त बनी रहती है और रेजर आसानी से फिसलता है। साथ ही, इससे यह भी पता चलता रहता है कि आप किन हिस्सों के बालों को पहले ही हटा चुकी हैं।

### मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें

चेहरे के बालों को हटाने के बाद त्वचा बेहद संवेदनशील हो जाती है। इसका कारण यह है कि ऐसा करने से त्वचा की एक सुरक्षात्मक परत हट जाती है।

इसीलिए शेविंग के तुरंत बाद मुंह धुलें और एक अच्छी गुणवत्ता वाला मॉइस्चराइजर लगा लें। इस उत्पाद की मदद से त्वचा की खोई हुई नमी वापस लौट आएगी, हाइड्रेशन बढ़ेगा और जलन से भी बचाव हो जाएगा। इसके बाद आप एक गैर-कॉमिडोजेनिक सीरम भी लगा सकती हैं।

# 22 शतक व 1000 से ज्यादा छक्के लगाने वाले को आईपीएल में नहीं खरीदा




**– महान खिलाड़ी गेल को इंडियन प्रीमियर लीग में झेलनी पड़ी बेइज्जती**

नई दिल्ली (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग में यूं तो एक से बढ़कर एक तूफानी बल्लेबाज अपने खेल से लोगों को दीवाना बना चुके हैं लेकिन एक नाम ऐसा है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। यूनिवर्स बॉल के नाम से मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को विस्फोटक बल्लेबाजों में सबसे ऊपर गिना जाता है। टी20 फॉर्मेट में तो इस खिलाड़ी ने गेंदबाजों की हेकड़ी निकाली दी। 22 शतक के दम पर 14 हजार से ज्यादा रन इसकी खेल की गवाही देते हैं लेकिन इस महान खिलाड़ी को भी इंडियन प्रीमियर लीग में बेइज्जती झेलनी पड़ी। क्रिस गेल जैसे तूफानी खिलाड़ी को भी फ्रेंचाइजी ने खरीदने से इनकर कर दिया था।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेल के रिकार्ड पर एक नजर डाले तो उन्होंने 2009 से 2021 तक आईपीएल में 142 मैच खेला हैं। आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी गेल के नाम दर्ज है जो आज तक इसे कोई भी बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। 23 अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ गेल ने महज 66 बॉल पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसमें 13 चौके और कुल 16 छक्के क्रिस गेल के बल्ले से देखने को मिले थे। इस पारी का जवाब आज तक आईपीएल को नहीं मिल पाया है। गेल जैसे ऊंचे कद के खिलाड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग में एक नहीं बल्कि दो बार बेइज्जत होना पड़ा है।

साल 2011 के मेगा ऑक्शन के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स ने उनको रिलीज कर दिया था। किसी भी टीम ने गेल के लिए बोली नहीं लगाई और वह अनसोल्ड रहे। डर्क नेनिस के चोटिल होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उनको अपनी टीम में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल किया था।

## बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम को अस्पताल से छुट्टी मिली

ढ़ाका (ए)। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल अब ठीक हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तमीम को सोमवार को मैदान में ही दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद से ही वह अस्पताल में भर्ती थी। इस क्रिकेटर ने अस्पताल से घर लौटने के बाद कहा कि वे पिछले कुछ दिनों में प्रशंसकों से मिले प्यार से उत्साहित हैं। इस क्रिकेटर ने कहा कि अभी उन्हें पूरी तरह ठीक होने में समय लगेगा और इस दौरान प्रशंसकों का प्यार उनका मनोबल बढ़ाएगा। इस क्रिकेटर ने ढाका प्रीमियर डिवीजन मैच के दौरान फील्डिंग करते समय दिल का दौरा पड़ा था। जिसके बाद तमीम को अस्पताल ले जाया गया जहां उनके दिल की एक धमनी में रुकावट के कारण उनकी सर्जरी हुई थी। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर तमीम ने अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में कहा, 'आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं।' उन्होंने कहा, 'इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को जाना है जिससे मुझे एक नया जीवन मिला है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है पर बीमारी में इसका सबसे ज्यादा अनुभव हुआ।'इस क्रिकेटर ने डॉक्टरों, अस्पतालों, सहायक कर्मचारियों और व्यक्तियों, विशेष रूप से ट्रेनर याकूब चौधरी दलीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तमीम ने कहा, 'हमारे ट्रेनर याकूब चौधरी दलीम भाई को कैसे धन्यवाद दूं, मुझे वास्तव में नहीं पता।' उन्होंने कहा, 'मुझे बाद में पता चला। डॉक्टरों ने बताया कि अगर दलीम ने उस वक्त ठीक से सीपीआर नहीं दिया होता तो मैं बच नहीं पाता। '

# बीसीसीआई ने पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने धीमी ओवर गति के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पंड्या पर पिछले सत्र में भी इसी कारण जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध भी लगा था। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने समय रहते 20वें ओवर की शुरुआत नहीं की। इसके लिए मुंबई इंडियंस को सजा के तौर पर अंतिम ओवर में केवल चार ही खिलाड़ियों को 30 गज के दायरे के बाहर रखने की अनुमति थी। इससे भी मुंबई इंडियंस को हुआ था। इसके अलावा उनपर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। आईपीएल की ओर से कहा गया कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2025 के मैच में धीमी ओवर गति रखी थी। यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ी है। इस बार धीमी ओवर गति के तीन अपराधों के बावजूद किसी खिलाड़ी को प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा।




## रोहित अब तीन-चार साल पहले वाले रोहित नहीं रहे : मांजरेकर

अहमदाबाद, ( आरएनएस)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि रोहित शर्मा एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं और अब उन्हें हर सुबह अपने आप पर अतिरिक्त जोर देना होगा।आईपीएल 2025 में शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच में रोहित सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले सीजन के अपने पहले मैच में वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार गेंदों में डक (0) पर आउट हुए थे।मांजरेकर ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा, अब वह तीन-चार साल पहले वाले रोहित शर्मा नहीं हैं। वह अपने करियर के उस पड़ाव पर हैं, जहां पर उन्हें अपने आप पर हर सुबह अतिरिक्त जोर देना होगा। उन्हें और बेहतर तरीके से ट्रेन करना होगा क्योंकि चीजें उनके हाथों से फिसल रही हैं। वह अभी भी अपने नैसर्गिक प्रतिभा पर निर्भर करते हैं। रोहित का ना सिर्फ आईपीएल बल्कि अंतर्राष्ट्रीय करियर भी खराब फॉर्म से गुजर रहा है। 2024 में टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक के साथ 10.93 के मामूली औसत से रन बनाए। चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने लगभग हर मैच में भारत को तेज शुरूआत देने की कोशिश की, लेकिन इस टूर्नामेंट में भी उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक था, जो कि फाइनल में आया।पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने इस सीजन के अपने दोनों मैच गंवाए हैं और उनके कप्तान हार्दिक पांड्या का मानना है कि उनके बल्लेबाजों को अब जल्द से जल्द लय में आना होगा और जिम्मेदारी लेनी होगी।मांजरेकर भी लगभग ऐसा ही सोचते हैं। उनका मानना है कि इस साल मुंबई का बल्लेबाजी क्रम कुछ खास, स्थिर और कन्विंसिंग नहीं नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, इस बल्लेबाजी क्रम के अधिकतर बल्लेबाज उन पिचों पर निर्भर हैं, जहां गेंद अच्छे से बल्ले पर आती है। इसके अलावा अगर गेंद बल्ले पर सही से आ भी रही हो, जैसा वानखेड़े में होता है, तो भी उन्हें 12 या 13 रन प्रति ओवर बनाने में संघर्ष करना पड़ सकता है। हालांकि मांजरेकर का मानना है कि यह अभी सीजन की शुरुआत है और इससे एमआई को पूरी तरह से दरकिनार नहीं किया जा सकता है। वह अब भी वापसी कर खिताब जीत सकते हैं, जैसा कि उन्होंने 2014 में किया था।


## आईपीएल 2025 : प्वाइंट टेबल में टॉप पर पहुंची आरसीबी, आरआर 10वें स्थान पर

नई दिल्ली, ( आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दो मैच में दो जीत के साथ प्वाइंट टेबल में पहले स्थान पर कब्जा कर लिया है।आरसीबी के दो मैच में दो जीत के साथ चार अंक हैं और टीम का नेट रन रेट (एनआरआर) बाकी टीमों के मुकाबले काफी ज्यादा है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.266 है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का एनआरआर प्लस 0.963 है। आईपीएल के लेटेस्ट मैच की बात करें तो अहमदाबाद में शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने मुंबई इंडियंस को 36 रनों से मात दी।गुजरात टाइटंस की टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी। इसी के साथ ही प्वाइंट टेबल में बड़ा फेरबदल भी देखने को मिला। जीटी तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने दो मैच खेले हैं। जिसमें एक जीत और एक हार का सामना करना पड़ा है। टीम का नेट रन रेट प्लस 0.625 है। दो अंकों के साथ दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स और इतने ही अंको के साथ प्लस 0.550 के एनआरआर के साथ पंजाब सुपर किंग्स चौथे स्थान पर बनी हुई है।हालांकि, प्वाइंट टेबल में रविवार को फेरबदल होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। रविवार को दो मुकाबले हैं। पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच दोपहर 3.30 बजे से है। एसआरएच टूर्नामेंट में एक हार और एक जीत के साथ प्वाइंट टेबल में छठे स्थान पर हैं। वहीं, डीसी ने अपने पहले मुकाबले में धमाकेदार जीत दर्ज की। दो अंकों के साथ दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर है।

# आईपीएल के नियमों के साथ बार-बार खिलवाड़ कर रहे हैं हार्दिक

### -अपनी पुरानी टीम के खिलाफ कर दी बड़ी गलती

नईदिल्ली,( आरएनएस)। मुंबई इंडियंस 18वें संस्करण में अपनी पहली जीत तलाश रही है. पहले दोनों मुकाबले हारने के बाद उनके हौसले पस्त हो गए हैं. कैप्टन हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम की हार नहीं टाल सके. कप्तानी के साथ-साथ उनकी बल्लेबाजी भी बेहद साधारण रही. इतना ही नहीं, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के नियमों का भी उल्लंघन किया. जिसके लिए उनपर जुर्माना लगाया गया है.आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के साथ मैच में हार्दिक पांड्या धीमी ओवर गति के तहत नप गए. उनकी अगुवाई में मुंबई इंडियंस निर्धारित समय में अपने पूरे ओवर नहीं कर पाई. हार्दिक आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघन मामले में पाए गए हैं. उनपर आईपीएल की गर्वनिंग काउंसिल ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.हार्दिक पांड्या इससे पहले एक मैच का बैन झेल चुके हैं. पिछले सीजन में वह तीन बार स्लो ओवर-रेट के नियमों के उल्लंघन में पाए गए थे। पुराने नियमों के तहत उनपर एक मैच का प्रतिबंध लगा. 2024 आईपीएल में मुंबई के आखिरी मैच में इस खिलाड़ी ने तीसरी बार ये किया था। इसके बाद नियमानुसार आईपीएल 2025 में पहला मुकाबला खेलने से पांड्या प्रतिबंधित थे. यही वजह है कि एमआई के कैप्टन सीएसके के खिलाफ मैच में बाहर बैठे थे.आईपीएल की गर्वनिंग काउंसिल ने 18वें सीजन को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया. उन्होंने स्लो ओवर-रेट के तहत खिलाड़ियों पर लगाए जाने वाले बैन को हटा दिया. पुराने नियमों के मुताबिक अगर कोई कैप्टन तीन बार धीमी ओवर गति में पाया जाता है, तो उसपर एक मैच का बैन लगेगा. हालांकि अब ऐसा नहीं है. नए नियमों के मुताबिक किसी भी प्लेयर पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।




अब खिलाड़ियों के खाते में डीमेरिट प्वॉइंट जोड़े जाएंगे. अगर कोई खिलाड़ी चार बार स्लो ओवर-रेट नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसपर मैच फीस का 25 से लेकर 75 प्रतिशत तक जुर्माना लगेगा।

### सबालेंका ने पहली बार जीता मियामी ओपन खिताब

मियामी, (आरएनएस)। आर्यना सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर मियामी ओपन का अपना पहला खिताब जीता।

पिछले साल के यूएस ओपन फाइनल के रीमैच में, शुरुआती सेट में तीन बार अपनी शानदार सर्विस टूटने के बावजूद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने शांतचित्त होकर 5-6 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिसने उन्हें चौथी रैंकिंग वाली पेगुला पर 1 घंटे 28 मिनट में 7-5, 6-2 से जीत दिलाई और अपना पहला मियामी ओपन मास्टर्स 1000 खिताब जीता।यह सबालेंका के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्हें अपने पिछले दो फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (मैडिसन कीज से) और इंडियन वेल्स (मीरा एंड्रीवा से) में मामूली हार का सामना करना पड़ा था।

आखिरकार, मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में सक्षम थी, और मैं परिणाम और प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, मैं कहूंगी, इन महीनों के लिए। इसलिए, इस खूबसूरत (क्रिस्टल बुच बुचोलज) ट्रॉफी को पकड़कर बहुत खुश हूं।

## विदेश समाचार

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन की आलीशान कार में हुआ जोरदार धमाका, जेलेंस्की ने की थी 'मौत की भविष्यवाणी



मॉस्को (आरएनएस) मॉस्को में एक आलीशान ऑरस लिमोजिन कार में धमाका हुआ है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की है। एक ही झटके में यह आग का गोला बन गई। रूसी सुरक्षा एजेंसी FSB के मुख्यालय के पास यह विस्फोट हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने इस धमाके के बाद सीवर की तलाशी से लेकर अपने गार्डों की जांच का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि आग इंजन से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरी गाड़ी चपेट में आ गई। लिमोजिन में आग लगते ही आस-पास के बार से कर्मचारी मदद के लिए पहुंचे, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि वह बस देखते रहे। लिमोजिन पुतिन के प्रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की बताई जा रही है। घटना लुब्यंका में स्थित FSB गुप्त सेवा मुख्यालय के पास हुई। बता दें कुछ ही दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पुतिन की मौत की भविष्यवाणी भी की थी। वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन की सेना ने रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में जोरदार हमला बोल दिया है। जिससे रूसी खेमे में हड़कंप मच गया। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव के मुताबिक यूक्रेन ने 150 किलोमीटर लंबी सीमा पर 20 से ज्यादा गांवों को निशाना बनाया।

### फिर अटकेगा सीजफायर!..एक तरफ गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को हमास ने दी मंजूरी, इजरायल ने पेश किया नया प्रपोजल

गाजा (आरएनएस)। हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास ने कहा कि उसने मध्यस्थों मिस्त्र और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ इजरायल ने कहा कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है।गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्त्र और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। मिस्त्र की तरफ से एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत 5 जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा। साथ ही, इजराइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं। इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्वात शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है।

# सार्वजनिक संपत्ति को हुआ नुकसान, काठमांडू सिविक बॉडी ने नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र पर लगाया जुर्माना

काठमांडू(आरएनएस)। नेपाल की राजधानी में राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए काठमांडू के नागरिक निकाय ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर जुर्माना लगाया है।यह विरोध प्रदर्शन ज्ञानेंद्र शाह के आह्वान पर आयोजित किया गया था, जिससे काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी (केएमसी) ने काठमांडू के बाहरी इलाके महाराजगंज में उनके आवास पर एक पत्र भेजा। इस पत्र में केएमसी ने उनसे 7,93,000 नेपाली रुपये का मुआवजा देने को कहा। साथ ही, सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जुर्माना सड़कों और फुटपाथों पर कचरे के अनुचित निपटान, साथ ही भौतिक संरचनाओं को हुए नुकसान के लिए लगाया गया।

केएमसी ने शनिवार को कचरा प्रबंधन अधिनियम, 2020 और काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी फाइनेंस एक्ट, 2021 के उल्लंघन का हवाला देते हुए जुर्माना नोटिस जारी किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, काठमांडू के कई हिस्सों में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति देखी गई, जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया, वाहनों में आग लगा दी और काठमांडू के तिनकुनेबनेश्वर इलाके में दुकानों में लूटपाट की। इस हिंसक झड़प में एक टीवी कैमरामैन सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए। ज्ञानेंद्र शाह को भेजे गए पत्र में (जिसकी प्रतियां मीडिया को भी दी गईं) केएमसी ने कहा, पूर्व सम्राट के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन ने महानगर की विभिन्न संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और राजधानी शहर के पर्यावरण को प्रभावित किया।इस आंदोलन के आयोजक दुर्गा प्रसाद ने एक दिन पहले ज्ञानेंद्र शाह से मुलाकात की थी और उन्हें राजशाही और हिंदू राज्य की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन करने के निर्देश मिले थे। यह घटनाक्रम तब हुआ, जब फरवरी में लोकतंत्र दिवस के बाद से राजशाही समर्थक सक्रिय हो गए थे, जब ज्ञानेंद्र शाह ने कहा था, समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी लें। इसके बाद, राजशाही समर्थक काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में रैलियां आयोजित कर रहे थे, जिसमें 2008 में समाप्त की गई 240 साल पुरानी राजशाही को बहाल करने की मांग की गई थी।




इससे पहले, सोमवार, 24 मार्च को नेपाल में नागरिक समाज के नेताओं के एक समूह ने ज्ञानेंद्र शाह की राजशाही को बहाल करने के उद्देश्य से राजनीतिक रूप से सक्रिय होने के लिए आलोचना की थी।

## ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में बाढ़, लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया

सिडनी (आरएनएस)। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं।मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की। इसमें बताया गया कि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के इस क्षेत्र में बाढ़ का जलस्तर 1974 के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।बाढ़ के कारण सड़क मार्ग से संपर्क टूट जाने के बाद, अडावले और जुंडाह के छोटे शहरों के लोग और कई दूरदराज के इलाके के लोग हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए।मवेशीपालक ज्योफ लॉयड गुरुवार को उनके घर से हवाई जहाज से निकाला गया था। उन्होंने शनिवार को नाइन नेटवर्क को बताया कि इस क्षेत्र में होने वाला नुकसान भयावह है।उन्होंने कहा, मैं 30 सालों से उस नदी पर नाव चलाता और रहता हूं, और यह ऐसा हालात हैं जो हमने कभी नहीं देखे।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण पशुपालन क्षेत्रों में से एक है।लॉयड ने कहा कि स्थानीय हेलीकॉप्टर पायलट लोगों और मवेशियों की जान बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे।

# म्यांमार में भूकंप की तबाही का असर, सड़क बना ऑपरेशन थिएटर; स्टेचर पर युवती ने दिया बच्चे को जन्म



बैंकॉक (आरएनएस) शुक्रवार दोपहर बैंकॉक में एक अविश्वसनीय और दिल दहला देने वाला दृश्य देखने को मिला। पड़ोसी देश म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों से पूरा थाईलैंड थर्रा उठा, जिसके चलते राजधानी बैंकॉक के अस्पतालों को आनन-फानन में खाली कराया गया। इस अफरा-तफरी के माहौल में, बैंकॉक के पुलिस अस्पताल के बाहर सड़क पर एक महिला ने खुले आसमान के नीचे बच्चे को जन्म दिया।भूकंप के तेज झटकों के कारण बैंकॉक के बीएनएच अस्पताल और किंग चुलालोंगकोर्न अस्पताल में भर्ती मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया। पुलिस अस्पताल की इमारत में भी कंपन महसूस होने के बाद मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। इसी दौरान, अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में एक गर्भवती महिला का प्रसव चल रहा था। पुलिस लेफ्टिनेंट कर्नल जिरामरिट ने बताया कि डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए ऑपरेशन का शुरुआती हिस्सा अंदर ही पूरा किया और फिर महिला को स्ट्रेचर पर बाहर ले आए। सड़क के बीचों-बीच, खुले आसमान के नीचे, डॉक्टरों की टीम ने केवल दस मिनट में ऑपरेशन का शेष भाग सफलतापूर्वक संपन्न कराया।इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में डॉक्टरों और नर्सों के सामने संक्रमण का खतरा सबसे बड़ा था, लेकिन समय की कमी के कारण कोई और विकल्प मौजूद नहीं था। अस्पताल के प्रवक्ता सिरिकुल श्रीसांगा ने इस बात की पुष्टि की है कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें वापस अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।इस असाधारण घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए वीडियो में अस्पतालों के बाहर स्ट्रेचरों पर लेटे मरीज, व्हीलचेयर पर बैठे लोग और सड़कों पर मरीजों का इलाज करते डॉक्टर और नर्सें दिखाई दे रहे हैं।

### बलूचिस्तान में पाक सरकार के खिलाफ आयोजित में रैली में विस्फोट, 6 घायल

बलूचिस्तान (आरएनएस)। बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में शनिवार को की बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की रैली में हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ उनके विरोध को दबाने का एक असफल प्रयास था।

इस बीच, बीएनपी के 250 से अधिक कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया, जो बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं की अवैध हिरासत के खिलाफ क्वेटा तक शांतिपूर्ण लंबे मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। बता दें पुलिस ने महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच सहित कई बीवाईसी नेताओं को हाल ही में गिरफ्तार किया है।

धमाके की निंदा करते हुए बीएनपी प्रमुख अख्तार मेंगल ने एक्स पर लिखा, हमारे विरोध को एक बार फिर नाकाम बनाने का असफल प्रयास। अल्हमदुल्लाह, मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुरक्षित हूं।

# सलकनपुर मंदिर परिसर में सुचारू रूप से चल रही हैं सभी व्यवस्थाएं

## श्रद्धालु बिना किसी समस्या के कर रहें मां विजयासन देवी के दर्शन

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में लगाई गई है अधिकारियों की ड्यूटी





सीहोर (निप्र)। चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन हो रहा है। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना एवं दर्शन में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के सुगम आगमन एवं निर्गमन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाया गया है, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रेफिक नियंत्रण के लिए भी पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए हैं हेल्थ कैंप

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए गए हैं। जिससे श्रद्धालुओं को चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रूप से मेडिकल सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है।

### बाहरी बसों के लिए अस्थायी बनाया गया है बस स्टैंड

सलकनपुर मंदिर के लिए बाहर से आने वाली बसों की पार्किंग के लिए अस्थाई बस स्टैण्ड बनाया गया है, ताकि सड़क मार्ग पर बसों से होने वाले ट्रैफिक को व्यवस्थित एवं नियंत्रित किया जा सके।

### मुख्य स्थानों पर लगाए गए हैं हेल्प डेस्क

बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में कोई परेशानी न हो, इसके लिए मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। इसके साथ ही मंदिर परिसर में कन्ट्रोल रूम भी बनाए गए हैं, जिससे ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी सतत संपर्क में हैं।

### सलकनपुर मंदिर परिसर तक निजी वाहन किए गए हैं प्रतिबंधित

सलकनपुर में चल रहे देवीलोक के निर्माण कार्य एवं यातायात को दृष्टिगत रखते हुए नवरात्रि पर्व के दौरान निजी वाहनो के मंदिर परिसर तक जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समिति द्वारा अधिकृत टैक्सी वाहन चलाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु मंदिर तक आ-जा रहे हैं। निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालु नीचे बनाई गई पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करके अधिकृत टैक्सी वाहन से मंदिर तक आ-जा रहे हैं।

# चैत्र नवरात्रि-150 साल प्राचीन मरीह माता मंदिर में प्रथम दिन दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां



सीहोर (निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में रविवार की सुबह दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां दी। यहां पर हर रोज यज्ञ के साथ आहुतियां दी जाएगी। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा नियमित रूप से आहुतियां दी जाएगी। वहीं आगामी दिनों में नियमित रूप से कन्या भोज के अलावा नवमी तिथि पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। रविवार की सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालु फूलों से माता का श्रृंगार किया और उसके पश्चात यज्ञ में देवी का आह्वान कर आहुतियां दी। पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित होता है। मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं।

माता के नाम का अर्थ भी पर्वत की बेटी ही है, अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण करने वाली माता शैलपुत्री की साधना करने पर कुंडली से जुड़ा चंद्र दोष और उससे होने वाली सारी परेशानियां दूर होती हैं। मां की पूजा से व्यक्ति के जीवन में उनके नाम की तरह स्थिरता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

# जिला जेल में बंदियों को दिया जा रहा है स्वावलंबन और दक्षता प्रशिक्षण



सीहोर (निप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार सीहोर स्थित जिला जेल में बंदियों के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण और स्वावलंबन के लिए एक नई पहल प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत चिन्हित बंदियों को स्वरोजगार के लिए 10 दिवसीय वोकेशनल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बंदियों को अगरबत्ती, साबुन, सर्फ एवं फिनाइल आदि निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंदियों को स्वावलंबी बनाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस पहल का उद्देश्य है कि बंदी जेल से बाहर जाने के बाद स्वरोजगार कर स्वावलंबी बनें एवं आर्थिक रूप से मजबूत होकर भविष्य में किसी आपराधिक कार्य की ओर अग्रसर न हों। विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने जिला जेल एवं प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

## महिला आईटीआई में विशिष्ट प्लेसमेंट कार्यक्रम 02 अप्रैल को

सीहोर (निप्र)। सीहोर स्थित डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला आईटीआई में आईटीआई उत्तीर्ण महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए 02 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक महिला विशिष्ट प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। बुधनी ट्राईडेट ग्रुप को आईटीआई उत्तीर्ण महिला प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकता है। इच्छुक आईटीआई पास छात्रायें 02 अप्रैल को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकती है।

## कुबेरेश्वरधाम पर गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष पर उमड़ा आस्था का सैलाब



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भंडारे के साथ करीब तीन क्विंटल से अधिक शुद्ध घी की चक्की का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा धाम पर पहुंचे थे और उसके पश्चात शाम को बाबा की आरती में शामिल रहे। धाम पर पंडित श्री मिश्रा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से निशुल्क रूप से रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला आदि ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की वितरण व्यवस्था संभाली।रविवार को कुबेरेश्वरधाम पर प्रतिवर्ष अनुसार सुबह यहां पर नववर्ष के पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कंकर-शंकर की पूजा अर्चना की। गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष का पहला दिन होता है। यह चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा विजय पताका का प्रतीक है। गुड़ी पड़वा सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह नए संकल्प, नई ऊर्जा और नई शुरुआत का उत्सव है। यह हमें सिखाता है कि हर कठिनाई के बाद जीवन में उजाला आता है, ठीक वैसे ही जैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है।

# सीवन नदी पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### जब तक बारिश नहीं होगी सीवन का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण अभियान जारी रहेगा

सीहोर (निप्र)। रविवार को सीवन नदी पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हो गया है। इसको लेकर नगर पालिका, प्रशासन, सीवन नदी उद्धार समिति के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी इस अभियान में अपनी भागीदारी दे रहे है। नगर पालिका ने इसके गहरीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर करीब 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा है। जिससे आने वाले समय में जीवनदायनी सीवन नदी पानी से सराबोर रहेगी। अभियान की शुरूआत प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाड़ा, भाजपा नेता सन्नी महाजन, कलेक्टर बाला गुरु, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, सीवन उद्धार समिति के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव सहित पार्षद, क्षेत्रवासी और अनेक जनप्रतियोगितों ने अभियान की शुरूआत की। नगर पालिका के अमले ने आधुनिक मशीन जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली से सीवन में जमा मलबे के ढेर को हटाया।शहर का विकास निरंतर चले और क्षेत्रवासियों को पेयजल की दिक्कत नहीं हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार का जल गंगा संवर्धन अभियान शहर का भविष्य है, शहर को सुंदर रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस अभियान से आधुनिक मशीनों के साथ ही नदी के गहरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। जेसीबी और पोकलेन मशीन के द्वारा बड़ी संख्या में डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीवन नदी का मलबा हटाया जाना है, नगर पालिका परिषद ने सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए करीब 25 करोड़ों रुपए की योजना बनाई है।

## बीएसआई मैदान में खेली जा रही जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

### रोमांचक मैच में कृष्णा ब्लास्टर ने सीहोर सुपर किंग को सात रन से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान खेली जा रही जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को एक मैच खेला गया था। जिसमें कृष्णा ब्लास्टर ने सीहोर सुपर किंग को सात रन से हराया। इस मैच के दौरान अंशुल-हार्दिक ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 99 रन बनाए थे। इसमें अंशु सोनी ने 18 रन, अंशुल राठौर ने 10 रन, वैदाज्ञ ने 15 रन बनाए थे। वहीं सुपर किंग की ओर से सक्षम ने तीन विकेट, अर्पित-नमन दो-दो विकेट के अलावा रचित जोशी ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर सुपर किंग की ओर से उर्स भारती ने 15 रन, सक्षम ने 31 रन और नमन ने 10 रन बनाए। इधर कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंशुल राठौर ने 4 ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट, हार्दिक वर्मा ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट के अलावा अंशु सोनी-दार्शिल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

## सर्व ब्राह्मण समाज सीहोर जिला ग्रामीण अध्यक्ष बने पं.महेश दुबे

सीहोर(निप्र)। नवरात्रि के शुभावसर पर भगवान परसुराम के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक स्थानीय ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्व प्रथम भगवान परसुराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद सुदीप व्यास, मनोहर शर्मा बैठक सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसहमति से पं. महेश दुबे को सीहोर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोनित किया गया। जिस पर सभी समाजजनों द्वारा श्री दुबे का पुष्पहारों से स्वागत किया। बैठक में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परसुराम जन्मोत्सव पर निकाले जाने वाले चल समारोह को भव्यता प्रदान करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। जिसमें चल समारोह अध्यक्ष मनीष शर्मा एवं युवा चल समारोह अध्यक्ष रजत व्यास को बनाया गया। पदाधिकारियों को सभी विप्र बन्धुओं ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।

## ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निकाला जा रहा गणगौर चल समारोह



सीहोर(निप्र)। ब्राह्मण समाज महिला मंडलके तत्वधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तेरह दिवसीय गणगौर चल समारोह का आयोजन धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जानकारी देते समाज की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने बताया कि तेरह दिवसीय आयोजन हर वर्ष किया जाता है उसी तत्वाधान में 30 मार्च रविवार को भी गणगौर चल समारोह कार्यक्रम स्थान हरदोल लाला मंदिर से प्रारंभ हुआ जिसमें ड्रेस कोड चुंदड़ी रखी गई जो मुख्य मार्गों से होते हुए सीवन तट पर पहुंचकर झाले दिये गये साथ ही महिलाएँ एवं युवतियाँ द्वारा शिव पार्वती की प्रतिदिन पूजा अर्चना करती है तरह तरह के व्यंजनों का लाभ उठाकर मेले का भव्य रूप बनाकर गणगौर के गीत गाती है ।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव का होगा आयोजन, धूमधाम से होगा कार्यक्रम का आयोजन, बैठक में लिया गया निर्णय

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आस्था, उत्साह के साथ मनाई जाएगी। भगवान परशुराम की जन्मोत्सव को सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में मनाए जाने को लेकर एक सामाजिक बैठक का आयोजन शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई थी। साथ ही शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई ताकि समाज का हर वर्ग इस में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर पाए। इसके लिए चल समारोह अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष सहित अन्य समितियों का गठन किया गया। चल समारोह का अध्यक्ष समाजसेवी मनीष शर्मा को मनोनित किया गया है। इसके अलावा युवा अध्यक्ष के रूप में समाज के सक्रिय रजत जोशी और ग्रामीण का अध्यक्ष महेश दुबे को बनाया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, मनोहर शर्मा, महामंत्री रमाकांत समाधिया, कोषाध्यक्ष सुनील दुबे, रुपेश तिवारी, जितेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित में बैठक का आयोजन किया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अध्यक्ष श्री शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान 30 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह पूजन, महा आरती के पश्चात भव्य रूप से यज्ञोपवित अनुष्ठान, ब्राह्मण प्रीमियर लीग, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा आगामी 4 मई को शोभा यात्रा आदि के संबंध स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अनेक वक्ताओं ने सुझाव दिए और अपना परिचय दिया। इस मौके पर तय किया गया है कि आगामी दिनों में शहर को सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और हर सेक्टर में दस-दस लोगों को लाने की जिम्मेदारी के साथ आमंत्रण पत्र आदि वितरण की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/1340/ खनिज/2025, सीहोर, दिनाँक 26/03/2025

मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 ( 1-क ) ( दो ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदिका **मनीता पत्नि श्री अनिल निवासी मंडी रोड सीहोर जिला सीहोर** के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 35477 दिनांक 08.01.2025 को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर पुन: यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | सीहोर | धबोटी | 13 | 5.990 हे. | शासकीय भूमि | मुरूम | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 4.000 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 5.990 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/24947/24

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/1311/ खनिज/2025, सीहोर, दिनाँक 26/03/2025

मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 ( 1-क ) ( दो ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदिक **वसीम खान आ. सलीम खान निवासी वार्ड 13 फाईम किराना स्टोर के पास सर्वधरा कॉलोनी भैरूंदा तह. भैरूंदा जिला सीहोर** के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 35539 दिनांक 14.01.2025 को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनस्त्रह्यह्यलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | भैरूंदा | सेमलपानी कदीम | 417 | 11.1780 हे. | शासकीय भूमि | मुरूम | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 3.000 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 11.1780 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/24950/24

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com